दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

# नवयत्न

खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 17 | अंक 128 | सीकर, मंगलवार 07 जुलाई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## पात्रों को वितरित किए स्वीकृति पत्र



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने राज्य सरकार द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर का स्थानीय टाउन हॉल में एवम ग्राम पंचायत बछरारा में सेवा शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट का निरीक्षण कर अधिकारियों से जानकारी ली। शिविर के दौरान मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना, मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, जल जीवन मिशन, ई-श्रम पंजीकरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, पट्टा वितरण, नामांतरण एवं अन्य राजस्व सेवाओं सहित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित स्वीकृति पत्र पात्र लाभार्थियों को वितरित किए गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। शहरी सेवा शिविर आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम हैं। इस दौरान नगरपालिका ईओ डॉ सहदेव चारण, तहसीलदार हरदीप सिंह, विधानसभा संयोजक अर्जुबं सिंह फ्रांसा, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, शहर मण्डल अध्यक्ष महेश सैनी, निरंजन रुन्थला, प्रवीण शर्मा, हनीफखत्री, पृथ्वी सिंह, प्रदीप सैनी, सुरेश घारू, लक्ष्मणराम मेघवाल, गोपाल महर्षि, किशनलाल शास्त्री, रामकरण खिचड, हनुमान सिंह, परमेश्वरलाल शर्मा, विक्रम सिंह सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

## साधु बहते निर्मल जल समान, जिनके पुण्य प्रबल होते हैं उन्हें ही मिलता है संतों का सान्निध्य : आचार्य वर्धमान सागर




निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** मंढ़ा-सुरेरा में पंचम पट्टाचार्य आचार्य वर्धमान सागर ससंघ ने सोमवार को धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि साधु बहते हुए निर्मल जल के समान होते हैं। जिस प्रकार बहता हुआ जल जहां-जहां पहुंचता है वहां जीवन, शीतलता और पवित्रता का संचार करता है, उसी प्रकार जैन साधु भी निरंतर विहार करते हुए समाज में धर्म, संयम और आत्मकल्याण का संदेश फैलाते हैं। वे किसी स्थान, व्यक्ति या सुविधा से बंधे नहीं होते, बल्कि उनका सम्पूर्ण जीवन तप, त्याग और धर्म प्रचार के लिए समर्पित रहता है। आचार्य ने कहा कि जिसके पुण्य प्रबल होते हैं, उसी को साधु.संतों का सान्निध्य प्राप्त होता है। साधु का नगर में आगमन केवल संयोग नहीं, बल्कि अनेक जन्मों के शुभ कर्मों का परिणाम होता है। इसलिए साधु-संघ का सान्निध्य मिलने पर धर्मश्रवण, विनय, सेवा और आत्मचिंतन का अवसर कभी नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि साधु स्वयं के लिए नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देने के लिए विहार करते हैं और जहां भी जाते हैं वहां अहिंसा, सदाचार, जीवदया एवं आत्मशुद्धि का संदेश देकर जनमानस को धर्ममार्ग की ओर प्रेरित करते हैं। इसी अवसर पर आचार्य के पावन सान्निध्य में जैन समाज के जैन भवन का नामांतरण वात्सल्य वारिधि भवन के रूप में किया गया तथा भवन के शिलापट्ट का विधिवत लोकार्पण सम्पन्न हुआ। प्रातः जैन मंदिर में भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन श्रद्धापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रथम शांतिधारा का सौभाग्य विजय कुमार, मंजू झाझरी परिवार तथा द्वितीय शांतिधारा का सौभाग्य नरेन्द्र कुमार, अनिता ठोलिया परिवार को प्राप्त हुआ। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान धोद में 14 से 16 जुलाई तक आयोजित होने वाले 37वें आचार्य पदारोहण महोत्सव एवं रुत संरक्षण वात्सल्य दिवस की पत्रिका एवं पोस्टर का भी आचार्य के करकमलों से विमोचन किया गया। आयोजन समिति ने समाजजनों से अधिकाधिक संख्या में महोत्सव में भाग लेने का आह्वान किया।

# ऑपरेशन के बाद विवाहिता की मौत

## अस्पताल के बाहर हंगामा



सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के रोड नंबर 2-3 स्थित एपेक्स स्काई लाइन अस्पताल में ऑपरेशन के बाद 23 वर्षीय विवाहिता की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल के बाहर परिजनों और समाज के लोगों ने हंगामा कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोशित लोग डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई और पूरे मामले की जांच की मांग को लेकर अस्पताल के सामने सड़क पर बैठ गए, जिससे कुछ देर यातायात भी प्रभावित रहा। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और थानाधिकारी श्रवण कुमार ने परिजनों से समझाइश का प्रयास किया। बाद में डीएसपी गोपाल सिंह ढाका भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज करने की मांग की। देर शम तक सहमति नहीं बन पाई। माकड़ो गांव निवासी मृतका के पति योगेश कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी सुख दिव्या को बच्चेदानी के पास गांठ की शिकायत थी। 4 जुलाई को सुबह करीब 10 बजे उसे इलाज के लिए एपेक्स स्काई लाइन अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच के बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी और अगले दिन सर्जरी करने की बात कही।

### 4 यूनिट ब्लड और 2 पैकेट प्लेटलेट्स चढ़ाए गए

परिजनों के अनुसार, 5 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे विवाहिता को ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। करीब डेढ़ घंटे बाद उसे बाहर लाया गया। इसके बाद डॉक्टरों ने लगातार ब्लड और प्लेटलेट्स की जरूरत बताई। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद कुल 4 यूनिट ब्लड और 2 पैकेट प्लेटलेट्स चढ़ाए गए, लेकिन इसके बावजूद मरीज की हालत लगातार बिगड़ती रही।



### अस्पताल के बाहर धरना, सड़क जाम

मौत की सूचना मिलते ही परिजन और समाज के लोग झुंझुनूं स्थित अस्पताल के बाहर एकत्र हो गए। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने अस्पताल के सामने सड़क पर बैठकर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच, मेडिकल रिकॉर्ड सार्वजनिक करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### ऑपरेशन करने वाली डॉक्टर दोबारा देखने तक नहीं आई

परिजनों ने आरोप लगाया कि ऑपरेशन के बाद डॉक्टर समीता सोनी मरीज को देखने तक नहीं आई। उनका कहना है कि देर रात करीब 10 बजे अस्पताल ने हालत गंभीर बताते हुए महिला को जयपुर स्थित एपेक्स अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक, जयपुर पहुंचने के बाद उपचार के दौरान सोमवार सुबह सुख दिव्या की मौत हो गई। मृतका के पति का आरोप है कि जयपुर के डॉक्टर ने ब्लीडिंग नहीं रुकने से मौत का कारण बताया है।

ऑपरेशन के बाद अधिक ब्लीडिंग होने और इलाज में लापरवाही के कारण उनकी पत्नी की जान गई। उनका यह भी कहना है कि अस्पताल ने समय रहते मरीज की बिगड़ती हालत की सही जानकारी परिवार को नहीं दी।

### एफआईआर दर्ज होने तक पोस्टमार्टम से इनकार

परिजनों ने स्पष्ट कहा कि जब तक डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं होगी, तब तक शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों से कई दौर की वार्ता की, लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई समाधान नहीं निकल सका।

### अस्पताल का पक्ष नहीं आया सामने

पत्रकारों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर से उनका पक्ष जानना चाहा लेकिन उन्होंने कुछ कहने से मना कर दिया। समाचार लिखे जाने तक एपेक्स स्काई लाइन अस्पताल की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विवादित ट्रेड लाईसेंस का मामला

## धीरज आर्य ने दिए पुलिस के सवालों के जवाब

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** बिना अधिकारिता के ही नगरपरिषद सहायक अभियंता द्वारा सालासर की होटल का ट्रेड लाईसेंस जारी कर दिये जाने का मामला दो-चार दिनों से सुर्खियों में है। आम जनता को इंतजार है कि क्या असली दोषी पर प्रशासनिक अधिकारी सचमुच कार्यवाही करेंगे या फिर जांच-जांच के नाम पर जनता को उल्लू बना दिया जायेगा और फिर मामला ठंडे बस्ते में डाला जायेगा। आवेदक सुरजीदेवी बंशीधर इंटरप्राइजेज प्रतिष्ठान होटल एण्ड ग्राण्ड उदय, गेट ने. 1 के पास, सालासर बालाजी के नाम से 19 जून 2026 को ट्रेड लाईसेंस जारी किया गया था। कथित तौर पर ऐसा बताया जा रहा है कि ट्रेड लाईसेंस जारी करने वाले अधिकारी ने अपने अधीनस्थ कर्मचारी से कार्यालय समय के अलावा समय में यह कार्य करवाया था और खुद ही अपने व्हाट्स अप से ओटीपी सम्बंधित कर्मचारी को भेजा था। दूसरी ओर तहसीलदार (आयुक्त) के समक्ष जो बयान दिया गया है, उसमें यह जाहिर किया गया है कि जनआधार के नाम पर मुझे मुगालते में रखकर




धीरज आर्य नामक कर्मचारी ने ओटीपी ले लिया गया। जबकि जन आधार के मामले में 5-6 बार ओटीपी आते हैं। 19 जून 2026 की शाम को 7 बजे के बाद मात्र एक ही ओटीपी धीरज के मोबाईल पर सहायक अभियंता चारवी द्वारा भेजा गया। जिससे साफ जाहिर है कि सारा मामला जान बूझकर ही किया गया था। लेकिन अब जब बात खुल गई कि बिना अधिकारिता के ही ट्रेड लाईसेंस जारी कर दिया गया, तो बहानेबाजी की शुरूआत हो गई। सोचने वाली बात तो ये है कि अगर गलती से ट्रेड लाईसेंस बना भी दिया तो बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के निरस्त क्यों किया गया। क्या जिस आवेदक का लाईसेंस था, उसे निरस्त करने से पहले नोटिस दिया गया, अगर नहीं तो क्यों नहीं दिया गया ? क्या ट्रेड लाईसेंस को निरस्त करने में विधिक प्रक्रिया फोलो की गई ? ये सब ऐसे सवाल हैं, जो नगरपरिषद में चल रही गड़बड़ियों की ओर इशारा करते हैं। हालांकि इससे पहले भी ट्रेड लाईसेंस जारी किए गए हैं। इस मामले में चर्चा सामने आई है कि धीरज नामक कर्मचारी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दी गई। जबकि सीआई बैगाराम मीणा से कई बार पूछने के बाद भी उन्होंने इंकार कर दिया कि रिकार्ड पर ऐसा कुछ नहीं है, जिसके कारण जानकारी साझा की जा सके। लेकिन फिर भी धीरज आर्य नामक कर्मचारी ने थाने में जाकर सीआई बैगाराम मीणा के सवालों के जवाब दिए। उनके साथ भाजपा नेता व भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, संजय आर्य भी साथ में मौजूद रहे। दूसरी ओर आयुक्त द्वारा दिए गए नोटिस का जवाब भी धीरज आर्य ने दिया और खुद को बेकसूर बताया है। क्योंकि वो अधीनस्थ कर्मचारी है और उच्च अधिकारी के आदेश मौखिक या लिखित पालना करना उसकी जिम्मेदारी है। दूसरी ओर अगर मामले की तह तक जायें, तो पता चलता है कि तीन अन्य ट्रेड लाईसेंस बनाये गये हैं, जिनमें सहायक अभियंता, राजस्व निरीक्षक, रोकड़ शखा की भूमिका महत्पवपूर्ण रही। ये जांच का विषय है कि ये लाईसेंस निरस्त किए गए हैं या नहीं। अगर निरस्त किए गए हैं तो किस अधिकारी आज्ञा से।

क्या निरस्त करने से पूर्व सम्बंधित पक्षों को नोटिस दिया गया। दरअसल इस मामले में अब ऐसा लग रहा है कि सभी अधिकारी मिलकर सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को बचा लेंगे। 5-6 दिन इधर-उधर दायित्व निर्धारण का नाटक कर जनता को बेवकूफ बना दिया जायेगा। खैर जो भी हो लेकिन जांचकर्ताओं अच्छी तरीके से पता है कि दोषी कौन है? अब वो नरमदिली क्यों दिखा रहें हैं, वो जावें, उनका काम जानें।

## मदद के नाम पर चालीस हजार की रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के शास्त्री नगर थाने में तैनात सहायक उपनिरीक्षक एएसआई हरदेवराम को चालीस हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी एएसआई परिवादिया के पति के खिलाफ दर्ज मारपीट के मामले में मदद करने और एक व्यक्ति का नाम मुकदमे से हटाने की एवज में रिश्वत मांग रहा था। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि स्पेशल यूनिट जोधपुर को शिकायत मिली थी कि परिवादिया के पति के साथ मारपीट का मामला शास्त्री नगर थाने में दर्ज है। इससे पहले विरोधी पक्ष ने भी परिवादिया के पति व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। दोनों मामलों की जांच एएसआई हरदेवराम कर रहा था। जांच के दौरान आरोपित एएसआई ने परिवादिया के पति के खिलाफ दर्ज मुकदमे में मदद करने तथा उसके साथ गए सुंडाराम का नाम निकालने के नाम पर पहले 5 हजार रुपए ले लिए। बाद में सुंडाराम और अन्य दो लोगों के नाम मुकदमे से हटाने तथा मामले में राहत दिलाने के लिए सीआई के नाम पर 50 हजार रुपए की मांग की। लगातार रिश्वत मांगने से परेशान होकर परिवादिया ने एसीबी से शिकायत की। शिकायत का सत्यापन कराने के बाद एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। जहां एसीबी की टीम ने आरोपित एएसआई को परिवादिया के घर पहुंचकर 40 हजार रुपए की रिश्वत लेकर पैंट की जेब में रखते ही गिरफ्तार किया है।

### कोबरी-सार




## कोतवाली थाने के बाहर धरना दूसरे दिन भी रहा जारी...

# भरत भार्गव पर मुकदमा दर्ज करने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** लोहा कस्बे के युवक द्वारा समाज विशेष पर की गई आपत्ति जनक टिप्पणियों के बाद लोगों में आक्रोश है। युवक भरत भार्गव के खिलाफ कोतवाली थाने में मामला दर्ज किए जाने की मांग को लेकर लोगों ने धरना शुरू कर दिया है। दरअसल एक दिन पहले ही कामरेड रामनारायण रूलानिया, तेजपाल गोदारा, बनवारी लाल बिजारणिया, रिछपाल बिजारनिया के नेतृत्व में चौधरी चरण सिंह किसान विकास समिति अध्यक्ष भंवरलाल चौधरी व मुकेश गोदारा की ओर से दो अलग-अलग प्रार्थना पत्र पुलिस को दिए गए और मुकदमा दर्ज कर आरोपी को अरेस्ट करने की मांग की गई थी। जिसके बाद सुजानगढ़ के थाने में मामला दर्ज नहीं हुआ, जिसके




कारण आक्रोशित लोग शाम को धरने पर बैठ गए। थाने के बाहर धरना सोमवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया ने बताया कि जब तक मामला दर्ज नहीं किया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा। इस बारे में चौधरी चरण सिंह किसान विकास समिति अध्यक्ष भंवरलाल बुगालिया ने कहा कि न जाने पुलिस किस दबाव में है, जो मुकदमा दर्ज करने से कतरा रही है। मदनलाल गुलेरिया, भंवरलाल लेघा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों को धरनास्थल पर बुलाया जायेगा और आंदोलन को तेज किया जायेगा। धरने पर पुलिसकर्मी भी पहुंचे और धरने की परमिशन दिखाने को कहा गया। शाम को डीएसपी स्तर पर वार्ता की बात भी सामने आई है। धरने पर कृष्ण गोपाल गोदारा, श्रवणराम जाखड़ रामावतार चोयल, कालूराम बावरिया महावीर खीचड़, गुरूदेव, हनुमान गोदारा, सांवरमल झाझड़ा, भंवरलाल बिजारणिया, हेमंत ढाका, रूपाराम गुलेरिया, जगदेव बेड़ा, नौरंगलाल, किशनलाल छरंग, लियाकत खां, चन्द्रप्रकाश जानू, खिंवाराम डूकिया, पवन गोदारा, राजेंद्र ढ़ाका, संजय आर्य, बाबूलाल कुलदीप आदि ने शिरकत की। वहीं सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि सम्बंधित घटनास्थल से लगने वाले थाने पर मामला दर्ज हो गया है। इसलिए एक ही अपराध को लेकर हम यहां पर मुकदमा दर्ज नहीं कर सकते, घटनास्थल रतनगढ़ तहसील का है।

# स्कूली बच्चों को लोअर व टी-शर्ट वितरित



विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** वार्ड 20 खेमू की ढाणी के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में गाँव के भामाशाह नरेन्द्र लमोरिया द्वारा विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को टीशर्ट एवं लोवर वितरित किये गये। सीबीईओ डॉ. उमादत्त झाझड़िया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्मिकों को समर्पण भाव से विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा के साथ देश के श्रेष्ठ नागरिक बनाने का आह्वान किया एवं सभी से अपने कर्म के प्रति निष्ठावान रहते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास में अपना सर्वोत्कृष्ट देने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अतिथि एसीबीईओ सुरेश कुमार पायल ने शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं अभिभावकों एवं कार्मिकों से नामांकन वृद्धि के लिए विशेष प्रयास करने की प्रेरणा देते हुए विद्यालय के भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाध्यापक श्रीराम जांगिड़ ने विद्यालय की विशेषताओं पर प्रकाश डाला एवं गत सत्र में भामाशाहों द्वारा करवाये गये विद्यालय विकास के कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका महेन्द्रा ने किया। इस अवसर पर सुनीता, अभिलाषा गजराज, शकुन, राजबाला, पूनम, मंजू, मैना, सरोज, अनिता, सुशीला, ममता, अन्नू, नन्दलाल लमोरिया, कल्लूराम सैनी, रोहताश लमोरिया, सरजीत लमोरिया, गजेन्द्र, अमित, अजय आदि अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में सेब वितरित किये एवं कृष्ण भोग का आयोजन किया गया।

# किसानों ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** जीवनसर के किसानों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को सज्जन कुमार लांबा के नेतृत्व में किसानों ने उपखंड अधिकारी जय सिंह को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जीवनसर गांव में हजारी लाल लांबा के खसरा नं 27, 483/254 व 29 में प्रशासन ने हमारी खड़ी फसल में जेसीबी चलाकर रास्ता निकालकर फसल को नष्ट कर दिया वहीं खसरा नं 29 में कोर्ट का स्थगन आदेश होते हुए भी प्रशासन ने रास्ता खोलने की भेदभाव पूर्ण कार्रवाई की है जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन अगर कटान का रास्ता खोलने की कार्रवाई कर रहा था तो आगे के बंद रास्ते को क्यों नहीं खोला। किसानों की उपखंड अधिकारी से मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांचकर कार्रवाई की जाए। उपखंड अधिकारी ने किसानों को जांच कर योग्य कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर हंसराम लांबा, धर्मपाल लांबा, मानसिंह लांबा, रामजीलाल लांबा, देवकरण लांबा, अनिल लांबा, जितेन्द्र लांबा, उम्मेद लांबा, सुनिल झाझड़िया, मुकेश झाझड़िया, उम्मेद लांबा, रजनेश लांबा, राजेश कुमार, अमित, राजेन्द्र भालोठिया, सुरेन्द्र भालोठिया, जितेन्द्र सिंह, रामचंद्र स्वामी, पवन लांबा, हवलदार सत्यवीर लांबा, प्रमोद लांबा, धर्मवीर लांबा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# इंद्राज सारण का किया सम्मान




निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** श्री भारतीय आदर्श विद्यापीठ में भारतीय सैन्य अकादमी के लिए चयनित विद्यालय के आदर्श गौरव इंद्राज सारण के विद्यालय पहुंचने पर पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद विवेकानंद प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय परिवार ने उनका अभिनंदन किया। समारोह में विद्यालय के निदेशक गिरीश लाटा, अभिमन्यु लाटा, प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, दीपचंद, अशोक भोजक, सत्येंद्र पटेल, कपिल बुडानिया एवं रूपेंद्र तिवारी ने इंद्राज सारण को स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) भेंट कर तथा साफा पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निदेशक गिरीश लाटा ने इंद्राज की उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में विद्यालय के चार विद्यार्थियों का बिना किसी कोचिंग के एनडीए/आईएमए में चयन होना एक अनूठी उपलब्धि है। यह विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण का परिणाम है। सम्मान के बाद इंद्राज सारण ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा टीम आदर्श के श्रेष्ठ मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय का प्रतिस्पर्धात्मक माहौल और हॉस्टल में प्रताप सर द्वारा समय-समय पर दी गई प्रेरणा उनकी सफलता की सबसे बड़ी ताकत रही। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। समारोह में विद्यालय के गुरुजन, स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अनाथ आश्रम में मनाया किसान नेता प्रजापत का जन्मदिन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर के भाग्य श्री अनाथ आश्रम में किसान नेता कॉमरेड निर्मल कुमार प्रजापत का जन्मदिन मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने आश्रम प्यारों के साथ केक काटकर कॉमरेड प्रजापत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी तथा उनके स्वस्थ व दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आश्रम प्यारों का मुंह मीठा भी करवाया। इस मौके पर किशन शर्मा, सुशील, मुरलीधर, नितेश उपाध्याय, हरीश धेरड़, भवानी, भाला, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनसंघ के संस्थापक मुखजी की जयंती मनाई

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्रवादी व प्रखर वक्ता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखजी की जयंती भाजपा कार्यालय में सोमवार को मनाई गई। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ व पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और राष्ट्र प्रथम के प्रति उनके समर्पण को याद किया।

पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना, राष्ट्रीय एकता व अखंडता के प्रति समर्पित रहा। कहा कि डॉ. मुखर्जी के विचार व राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण आज सभी को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने का काम कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का त्याग, राष्ट्रभक्ति और विचार सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जिन सिद्धांतों के लिए अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित किया था उन सभी कार्यों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार पूरा कर रही है। इस दौरान सभी ने राष्ट्र प्रथम, अखंड भारत एवं समर्पित जनसेवा के आदर्शों का स्मरण करते हुए राष्ट्रहित और संगठन सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस दौरान राजेश रोलन, नेमीचंद कुमावत, रमेश जलधारी, जितेंद्र सिंह कारंगा, प्रभुसिंह सेवद, अशोक चौधरी, मनोज जांगिड़, अनुराधा, माया देवी, सज्जन सैनी, वरुण कुशलेश शर्मा, राहुल वर्मा, महेश ढाका, शुभम सैनी, गोपाल सिंह बडगुजर, मोहन गुर्जर, रामनिवास गुर्जर, हंसराज सैनी, ओमेंद्र चारण आदि मौजूद रहे।

### मंडल कार्यालय में किए श्रद्धासुमन अर्पित

जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंति डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शहर मंडल में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के मुख्य आतिथ्य व मंडल अध्यक्ष इंद्र शर्मा के के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र के प्रति समर्पण के भाव को कार्यकर्ताओं के बीच रखा। कहा कि उनके इसी राष्ट्र के प्रति समर्पण को सभी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। मंडल अध्यक्ष इंद्र शर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्रप्रेम, त्याग और अखंड भारत का संकल्प हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट्रसेवा के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर रमेश जलधारी, नेमीचंद कुमावत, सज्जन सैनी, बूथ अध्यक्ष महेश पिलानिया, विमल जैन, विजय सिंह राणा, दिनेश शर्मा, भावेश कुमावत, हरेंद्र जैदिया, यश शर्मा, रविंद्र कुमार गहलोत, प्रेम, तरुण, शाहरुख रंगरेज, शोएब खान, विकास पाराशर, हिमांशु कुमावत, हेमराज कुमावत, इलियास, राजकुमार रणवा, फारूक, बिट्टू माथुर आदि मौजूद रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का देश निर्माण में अहम योगदान : ढूकिया

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** ग्राम दुराना में भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया के नेतृत्व में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर ढूकिया ने बताया कि डॉ. मुखर्जी ने भारत और भारतीय मूल्यों को सबसे ऊपर रखा।

उन्होंने ऐसे सकारात्मक बदलाव किए, जो देशभक्तिपूर्ण और भविष्योन्मुखी थे, जो देशभक्ति और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों को मानते हैं। जिनका जीवन साहस और माँ भारती के प्रति अटूट समर्पण का एक कालातीत उदाहरण है। आधुनिक भारत में ऐसे बहुत कम नेता हुए हैं, जिनमें बुद्धि, जनसेवा और नैतिक दृढ़ता का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला हो।

देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नही चलेंगे का नारा देने वाले डॉ. मुखर्जी ने सम्पूर्ण जीवन देश की एकता, अखण्डता और राष्ट्रभक्ति को समर्पित किया एवं देश निर्माण में अहम योगदान दिया। मुखर्जी द्वारा अनुच्छेद 370 का विरोध जीवन भर करते रहे और उन्होंने इन प्रावधानों को भारत के बाल्कनीकरण की संज्ञा दी। इस अवसर पर उदय सिंह राठौड़, किशोर सिंह राठौड़, मूलसिंह राठौड़, प्रेम सिंह राठौड़, नन्दलाल मीणा, रोहिताश झाझड़िया, योवन सिंह शेखावत, दलिप सिंह राठौड़, संतकुमार सिंह राठौड़, रहेन्द्र सिंह राठौड़, अर्जुनराम तेतरवाल, सज्जनसिंह राठौड़, रामप्रताप सिंह सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई मुखर्जी की जयंती




निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भाजपा शहर मण्डल के रीको क्षेत्र में स्थित बूथ संख्या 9 पर भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी के आतिथ्य में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उनका मुख्य योगदान अखंड भारत का निर्माण, कश्मीर को भारत का पूर्ण अभिन्न अंग बनाना और एक देश, एक विधान का संकल्प सुनिश्चित करना था। वे अखण्ड भारत के विचारक थे जिन्होंने भारत माता के वैभव को उच्च शिखर पर पहुँचाने के लिए संघर्ष करते हुए अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र कुमावत ने की। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री दिलीप सैनी, शहर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अजय चहार, जिला प्रवक्ता संजय मोरवाल, प्रकोष्ठ संयोजक जे पी चौधरी, आईटी जिला संयोजक सौरभ सोनी, राहुल कुमासिया, नितेश खीचड़, शहर महामंत्री ताराचंद सैनी, विजेंद्र हटवाल, रामनिवास सैनी, महेन्द्र सोनी, संपत सिंह तंवर, संजय महला, दिनेश जांगिड़, अजय सिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में बूथ के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुखर्जी की जयंती पर उनके राष्ट्रवादी विचारों को किया नमन



निसं

**मण्डावा ( नवयत्न )।** भाजपा मंडल द्वारा महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनके चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई । इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयंती मनाई तथा उनके राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रवाद एवं अखंड भारत के प्रति योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, शिक्षा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, विद्याधर सैनी, कैलाश शर्मा, संदीप शर्मा, राधेश्याम सैनी, इब्राहिम रंगरेज, सुनील सैनी, संजय परिहार, संदीप परिहार, सीताराम सैनी, संजय घुघरवाल, संजय मील, ज्ञानचंद कुमावत, गोविंद जोशी, शीशपाल यादव, विशाल सैनी, गोपीचंद कुमावत, संजय जोशी, सचिन तुनवाल, सत्यनारायण शर्मा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीकानेर रेंज में सुरक्षा को लेकर हुआ मंथन

निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** बीकानेर रेंज कार्यालय में आईजी ओमप्रकाश की अध्यक्षता में हाईलेवल सुरक्षा समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में संभाग के सभी एसपी, आईपीएस और आरपीएस अधिकारी मौजूद रहे। सीमा सुरक्षा, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध हथियारों की रोकथाम और अपराध नियंत्रण को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। पिछले चार महीनों में हुई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए वांछित अपराधियों के खिलाफ अभियान तेज करने पर जोर दिया गया। सीमा क्षेत्रों में विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। आईजी ओमप्रकाश ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए आगामी अभियान का रोडमैप तैयार करने और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पीबीएम अस्पताल में तीसरी प्रसूता की मौत, परिजनों ने उठाए सवाल

निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** पीबीएम अस्पताल में एक महीने के भीतर तीसरी प्रसूता की मौत से हड़कंप मच गया। नापासर के कुचौर निवासी लेखराम की पत्नी लीला की पिछली रविवार की रात पीबीएम अस्पताल के ट्रॉमा आईसीयू में उपचार के दौरान मौत हो गई। गत तीन जुलाई को जनाना अस्पताल में उनका सिजेरियन ऑपरेशन हुआ था, जिसके बाद नवजात शिशु की भी मृत्यु हो गई थी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव से उनकी हालत गंभीर हो गई थी। उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया, लेकिन कार्डियक अरेस्ट आने के बाद चिकित्सकों के प्रयास सफल नहीं हो सके। घटना के बाद परिजन मॉर्चरी के बाहर एकत्रित हो गए। कांग्रेस नेता रामनिवास कूकणा ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। परिजनों ने पोस्टमार्टम से पहले उपचार की प्रमाणित फाइल उपलब्ध कराने तथा मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। लीला की यह चौथी डिलीवरी थी, जबकि पहले तीनों प्रसव सामान्य बताए जा रहे हैं। लगातार हो रही प्रसूताओं की मौतों से अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन का आधार : शर्मा




निसं

**मण्डावा ( नवयत्न )।** मण्डावा स्थित पार्क में पूर्व सांसद सन्तोष अहलावत के जन्मोत्सव के उपलक्ष वृक्षारोपण कार्यक्रम भाजपा मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी की अगुवाई में हुआ। समारोह के मुख्य वक्ता भाजपा के पूर्व जिला मंत्री संदीप शर्मा ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। उन्होंने भारतीय सनातनी परंपरा का उल्लेख करते हुए बताया कि ऋषि-मुनि काल से ही पर्यावरण संरक्षण किया जा रहा है। शर्मा ने प्रत्येक व्यक्ति से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने ऐसे जन-जागरूकता अभियानों को समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी बताया। विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद कैलाश पीपलवा ने कहा कि प्रकृति की रक्षा ही मानवता की रक्षा है। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने और वृक्षारोपण को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आग्रह किया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल सके। उपस्थित सभी लोगों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में दर्जनभर छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सुनील सैनी, संजय परिहार, संजय मील, संदीप परिहार, विद्याधर सैनी, गोपी कुमावत, सचिन तुनवाल, शीशपाल यादव, संत कुमार, बाबूलाल सैनी, सत्यनारायण शर्मा, बबलू भाया, आलोक शर्मा, महीपाल, सोयल आदि उपस्थित रहे।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्र सेवा में समर्पित महान देश भक्त थे : शर्मा

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भाजपा शहर मंडल झुंझुनू की एक महत्वपूर्ण बैठक कोतवाली के सामने स्थित बाबा प्रकाशपुरी रेस्टोरेंट सभागार में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा ने की। कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनके योगदान को याद किया और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

बैठक के दौरान मंच पर अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला महामंत्री दिलीप सैनी, शहर महामंत्री ताराचंद सैनी, विजेंद्र हटवाल, बूथ अध्यक्ष पंकज टेलर व पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश सहल ने देश के महान राष्ट्रवादी नेता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके जीवन व आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। शहर मंडल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान संगठनकर्ता और राष्ट्र के प्रति समर्पित देशभक्त थे। उन्होंने कश्मीर मुद्दे पर ऐतिहासिक नारा दिया था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। शर्मा ने बताया कि यह नारा उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाने तथा वहां के लिए अलग संविधान, अलग झंडा और अलग प्रधानमंत्री के प्रावधान का पुरजोर विरोध करने के लिए दिया था।

उनका स्पष्ट मानना था कि एक संपूर्ण और संप्रभु राष्ट्र में दो अलग-अलग संविधान, दो राष्ट्र प्रमुख और दो राष्ट्रध्वज कतई स्वीकार्य नहीं हो सकते।

### कार्यकर्ताओं ने सीखी डिजिटल लर्निंग, मिले प्रमाण-पत्र

बैठक में संगठन को डिजिटल रूप से मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। आईटी जिला संयोजक सौरभ सोनी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सरल ऐप के माध्यम से डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर परीक्षा दिलाई। परीक्षा के बाद सभी उत्तीर्ण कार्यकर्ताओं के डिजिटल लर्निंग प्रमाणपत्र भी मौके पर ही तैयार करवाए गए। स्वागत भाषण पूर्व मण्डल अध्यक्ष राकेश सहल ने दिया व धन्यवाद बूथ अध्यक्ष एव पूर्व शहर महामंत्री पंकज टेलर ने दिया जबकि संचालन शहर महामंत्री ताराचंद सैनी ने किया। इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शौकत अली चौहान, द्वारका प्रसाद सैनी, शहर उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी, महेंद्र सोनी, जगदीश गोस्वामी, विनोद जांगिड़, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष खलील सिलावट, युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष मुकेश सैनी, सुनील सैनी प्रधान, दयाराम सैनी, राकेश सैनी, पवन सैनी, ज्योति प्रकाश, विनोद, अजय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# छात्राओं को अपने ज्ञान और अवसरों का उपयोग केवल व्यक्तिगत विकास के लिए ही नहीं बल्कि समाज उत्थान के लिए भी करना चाहिए : बराई

निसं




**पिलानी ( नवयत्न )।** उदयन केयर का प्रमुख कार्यक्रम उदयन शालिनी फेलोशिप आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि से आने वाली मेधावी छात्राओं को शैक्षिक सहायता, मेंटरशिप, नेतृत्व विकास एवं जीवन-कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने का कार्य करता है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए यूएसएफ पिलानी चैप्टर ने अंबेडकर भवन, पिलानी में आयोजित एक समारोह में 30 नवचयनित छात्राओं को बैच-5 में शामिल किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शालिनियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ, जिसने समारोह में उत्साह का वातावरण बना दिया। इस अवसर पर बिट्स पिलानी, पिलानी परिसर के निदेशक प्रो. एस.के. बराई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में डॉ चंद्रशेखर, डॉ वी.के. दुबे, प्रो. आर्य कुमार, प्रो. शरद श्रीवास्तव, प्रो. यशवर्धन शर्मा, डॉ. शिखा जोशी, शिवाली, अमित गोयल, प्राची गोयल, बृजमोहन, आरएस राठौड़ तथा पवन जाखोड़िया सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता की। उदयन केयर मुख्यालय से मुकेश जोशी एवं खुशनूद अली भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मेंटर्स, अभिभावक, वर्तमान शालिनियाँ तथा यूएसएफ पिलानी कोर कमेटी के सदस्य भी समारोह में शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ वीके दुबे, निदेशक, बिट्स, पीएआरसीए ने यूएसएफ पिलानी चैप्टर की यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह फेलोशिप योग्य छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने, आत्मविश्वास विकसित करने तथा मेंटरशिप एवं क्षमता-विकास गतिविधियों के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने बिट्स पिलानी, बिट्स, पीएआरसी, मेंटर्स एवं समाज के विभिन्न हितधारकों द्वारा दिए जा रहे सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही छात्राओं को अपनी क्षमता पहचानने, बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। कार्यक्रम का एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक हिस्सा वर्तमान शालिनियों और उनके अभिभावकों द्वारा साझा किए गए अनुभव रहे। उनकी कहानियों ने फेलोशिप के सकारात्मक प्रभाव को उजागर किया तथा बताया कि यूएसएफ द्वारा प्रदान किए गए सहयोग, मार्गदर्शन और अवसरों ने उन्हें चुनौतियों से उबरने, आत्मविश्वास विकसित करने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। नवचयनित शालिनियों को संबोधित करते हुए प्रो. आर्य कुमार, डीन एलुमनाई रिलेशंस, बिट्स पिलानी ने उन्हें फेलोशिप द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों का पूरा लाभ उठाने तथा अपने सपनों को दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ साकार करने के लिए प्रेरित किया। वहीं डॉ शिखा जोशी, वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक ने आत्मविश्वास, मानसिक स्वास्थ्य एवं चुनौतियों का सामना करने की क्षमता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि प्रो. एस.के. बराई ने शिक्षा की शक्ति पर बल देते हुए छात्राओं को निरंतर सीखने की भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने ज्ञान और अवसरों का उपयोग केवल व्यक्तिगत विकास के लिए ही नहीं बल्कि समाज के उत्थान के लिए भी करना चाहिए। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ चंद्रशेखर, वरिष्ठ प्रोफेसर एमेरिटस, बिट्स पिलानी ने नवचयनित शालिनियों को बधाई देते हुए यूएसएफ परिवार में उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल छात्रवृत्ति प्रदान करने तक सीमित नहीं है बल्कि नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता विकसित करने का एक सशक्त मंच है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शपथ ग्रहण समारोह रहा, जिसमें 30 नवचयनित शालिनियों ने फेलोशिप के मूल्यों को अपनाने तथा अपने शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने का संकल्प लिया। यह अवसर उनके जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक बना, जहाँ वे यूएसएफ परिवार का हिस्सा बनकर अपने सपनों को नई उड़ान देने की दिशा में अग्रसर हुई। अंत में यूएसएफ पिलानी ने सभी अतिथियों, मेंटर्स, अभिभावकों और शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही कोर कमेटी के सदस्यों डॉ चंद्रशेखर, डॉ वीके दुबे, प्रो. नवीन सिंह एवं डॉ अशोक कुमार तथा बिट्स, पीएआरसी टीम के प्रति विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनके मार्गदर्शन और सामूहिक प्रयासों से इस समारोह का सफल आयोजन संभव हो सका तथा बैच-5 की शालिनियों का भव्य स्वागत किया गया।

## हार्डकोर अपराधी सहित दो आरोपी गिरफ्तार

### घर में घुसकर तोड़फोड़ व धमकी देने का मामला

निसं

**पाटन ( नवयत्न )।** पुलिस थाना पाटन ने घर में घुसकर तोड़फोड़, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में हार्डकोर अपराधी सत्येन्द्र सिंह उर्फ लीलू सिंह और उसके साथी विक्रम सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सत्येन्द्र सिंह के खिलाफ चोरी, लूट, डकैती, अपहरण, मारपीट एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल 19 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना लोकेश मीणा एवं वृत्ताधिकारी सुशील मान के सुपरविजन में गठित टीम ने आरोपियों की तलाश के लिए कोटपूतली, बहरोड़, हरियाणा और दिल्ली सहित संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इसके बाद दोनों आरोपियों को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस थानाधिकारी रमेश मीणा के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के रायकानाला निवासी मुकेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 फरवरी 2026 की रात करीब दो बजे उसकी अनुपस्थिति में आरोपी हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने मुख्य गेट व खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए तथा घर में रखे बर्तन, पुर्नीचर और अन्य घरेलू सामान में जमकर तोड़फोड़ की। परिवादी ने करीब एक लाख रुपये के नुकसान का आरोप लगाया है। साथ ही घर में मौजूद उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी देने की भी शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। अनुसंधान के दौरान दोनों आरोपी इस मामले के अलावा थाना पाटन के अन्य प्रकरणों में भी वांछित पाए गए। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी रात्रि के समय लोगों के घरों में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट की वारदातों को अंजाम देने के आदी हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सत्येन्द्र सिंह उर्फ लीलू सिंह लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है और उसके विरुद्ध विभिन्न थानों में 19 मामले दर्ज हैं। मामले में दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा पुलिस अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।


## वृक्षारोपण किया



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** चूरू जिला ऑटो चालक संघ व शहर की कस्बा चौकी रतनगढ़ में यातायात पुलिस द्वारा एक वृक्ष भारत माता के नाम के तहत संयुक्त वृक्षारोपण किया गया। चूरू जिला ऑटो चालक संघ के तहसील अध्यक्ष महेश शर्मा ने देते हुए बताया कि इस संयुक्त वृक्षारोपण के सम्बन्ध में कुछ समय पूर्व तय किया गया कि हम यातायात पुलिस के साथ पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण का कार्य करें। इस अवसर पर तहसील कार्यवाहक अध्यक्ष रामस्वरूप भार्गव ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के वृक्षों की महति भूमिका है और प्रत्येक व्यक्ति को भारत माता के नाम से हर वर्ष पैड़ लगाने चाहिए। इस अवसर पर यातायात पुलिस के ट्रैफिक प्रभारी भंवर सिंह व हैड कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार ने भी कार्यक्रम व संघ के पदाधिकारियों के प्रयास की प्रशंसा करते हुए इसे सराहनीय कार्य बताया। इस अवसर पर ऑटो संघ के जिला उपाध्यक्ष मनोज पंवार, जिला मंत्री संजय शर्मा, तहसील मंत्री अमरचन्द स्वामी, तहसील उपाध्यक्ष विष्णु स्वामी, आजम सोलंकी, धन्नेखां कायमखानी सहित कई ऑटो चालक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सैनी का किया स्वागत



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के पश्चिमी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष रहे राम सिंह सैनी पावटा वाले को संगठन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर श्रीमाधोपुर आगमन पर सोमवार को उनका स्वागत किया गया। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज की टीम ने साफा बांधकर कर, मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया व सभी लोगों ने बधाई दी। इस अवसर पर सीताराम सैनी वैज्ञानिक, विनेश सैनी, सागरमल सैनी तहसील अध्यक्ष, राजेश सैनी, बाबूलाल कटारिया, शुभम सैनी, रमेश सैनी, राजू बागवान ने बताया की रविवार 19 जुलाई को होने वाले छात्र छात्रों के सम्मान समारोह का निमंत्रण दिया गया। श्रीमाधोपुर आगमन पर टीम ने सैनी का भव्य स्वागत किया।

## पीएचसी पर 101 पौधे लगाए

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सरोकार एवं जनसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देरवाला में देखने को मिला। ग्राम पंचायत प्रशासक राकेश मोटसरा ने अपनी माताजी स्वर्गीय संतरा देवी की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 101 पौधों का पौधरोपण कराया तथा मरीजों एवं स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक फ्रिज भेंट किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ छोटेलाल गुर्जर, बीसीएमओ डॉ रेखा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, भामाशाह, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक सहयोग से स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर सुविधाओं का विकास संभव है तथा जनप्रतिनिधियों एवं भामाशाहों की सहभागिता स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाती है। बीसीएमओ डॉ रेखा ने पौधरोपण को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आग्रह किया। बीसीएमओ डॉ रेखा ने ग्राम पंचायत प्रशासक राकेश मोटसरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्र को भेंट किया गया फ्रिज मरीजों एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा सकता है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रशासक राकेश मोटसरा ने बताया कि अपनी माताजी स्वर्गीय संतरा देवी की स्मृति को जनसेवा से जोड़ने के उद्देश्य से उन्होंने पौधारोपण एवं स्वास्थ्य केंद्र को फ्रिज भेंट करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को अपनी पारिवारिक स्मृतियों को लोकहित एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों से जोड़ना चाहिए, जिससे समाज को स्थायी लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। अंत में स्वास्थ्य विभाग की ओर से ग्राम पंचायत प्रशासक राकेश मोटसरा का जनहित में दिए गए सहयोग के लिए अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर डॉ आनंद एवं स्टॉफ ग्राम पंचायत के स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** महावीर इंटरनेशनल संस्था के स्थापना दिवस सेवा पखवाड़े के अंतर्गत महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र द्वारा इंदिरा नगर पार्क में वृक्ष लगाकर उनको पालने की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं संकल्प लिया कि हर व्यक्ति वर्ष में कम से कम पांच वृक्ष जरुर लगायेगा, पर्यावरण वेनर का अवलोकन करते हुए वृक्ष लगाने व वृक्षों को काटने से बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पर्यावरण डिप्टी डायरेक्टर सूमेरसिंह कर्णावत, देवेंद्र कुमार गौड़, वीरा आरती मुंड, वीरा सुधा पूनिया, महेश कुमार मुंड, प्रदीप कुमार शुक्ला, श्यामसुंदर जालान, सुभाष चंद्र जोशी, मनोज शर्मा, डॉ अनिल अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण शर्मा, नागरमल जांगिड़, भागेंद्र सिंह, चौधरी, कैलाश बारठ, प्रेम सिंह एचरा, पार्षद राकेश झाझड़िया, सीताराम, मुकेश शर्मा एवं काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## भ्रुण हत्या एवं गर्भपात मानवता के प्रति गम्भीर अपराध : तिवारी



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के स्थानीय भगवानदेवी भुवालका राजकीय बालिका उ. मा. विद्यालय में गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति की शाखा के तत्वावधान में आयोजित सेमिनार में मुख्यवक्ता एवं समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकिशोर तिवाड़ी ने विद्यालय की शिक्षक बहनों एव उच्च कक्षाओं की बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि गर्भपात एवं भ्रुण हत्या, सम्पूर्ण राष्ट्र एवं विश्व मानवता के विरुद्ध एक जघन्य अपराध है, जिसे केवल कानून से नहीं रोका जा सकता बल्कि इसके लिए पूरे समाज में जागरूकता लानी होगी और नारी समाज की इसमें महती भूमिका है। साथ ही उन्होंने यह कहा कि परिवार नियोजन व आधुनिकता के नाम पर केवल एक सन्तान पैदा करने का प्रचलन देश में चल पड़ा है, जो आगे चलकर अनेक दुष्परिणाम उत्पन्न करने वाला है।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमन्त्री मोदीजी ने बेटी बचाओ, बेटी पढाओ का जो नारा देशवासियों के समक्ष प्रस्तुत किया है वह भी हमारी समिति के ही सत्प्रयासों का परिणाम हैद्य समिति के शाखा अध्यक्ष ओम प्रकाश इन्दोरिया ने कहा कि आज की बालिकाएँ कल की माताएँ हैं, जिनकी बड़ी जिम्मेदारी केवल सन्तान को पैदा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने बच्चों को सुसंस्कार प्रदान करना है। संस्था की कार्यवाहक प्राचार्य सीमा शर्मा ने आगन्तुक अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बालिकाओं को इन विचारों को अपने जीवन में अधिकाधिक अपनाने हेतु प्रेरित किया।

## भागवत कथा में सजी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की मनमोहक झांकी

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** चरणदास बाबा मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास दिनकर महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य अवतार का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना और सज्जनों की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। श्रीकृष्ण का जन्म केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं बल्कि धर्म, प्रेम और सत्य की विजय का प्रतीक है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आते ही पूरा पांडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, के जयघोष से गूंज उठा। इस मौके पर बाल स्वरूप श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई। महिलाओं ने भक्ति गीतों पर नृत्य कर जन्मोत्सव की खुशियां मनाई। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान के प्राकट्य का स्वागत किया तथा मंगल बधाइयां गाई। दिनकर महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन मानवता को प्रेम, करुणा, कर्तव्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में सदाचार, सेवा और भक्ति को अपनाने का आह्वान किया। कथा के समापन पर आरती हुई और सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। मुख्य यजमान नन्दकिशोर स्वामी सपत्नीक रहे। इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्तिरस की अविरल धारा बहती रही।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजीतगढ़ के जगदीशपुरी रोड स्थित प्राचीन गुसाई बगीची धाम में संत अनंत दास महाराज की अध्यक्षता में बुधवार 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्व सम्मति से महोत्सव के आयोजन को संत अनंत दास महाराज के सानिध्य में मनाने का निर्णय करके शहर के समाजसेवी, भामाशाह, श्रद्धालुओं से कार्यक्रम के लिए आयोजन समिति के सदस्य संपर्क करेंगे। महाराज ने बताया कि महोत्सव के दौरान गुसाई बगीची के प्राचीन धुने में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अरनी मंथन करके अग्नि प्रज्वलित की जाएगी। बताया गया है कि बुधवार 29 जुलाई को दिन में विशेष पूजा अर्चना के बाद पंगत प्रसादी एवं इसी दौरान भजन सरिता कार्यक्रम संचालित होगा।

महोत्सव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं की अलग-अलग टीम का गठन कर दिया गया है जिनको जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देते हैं : महर्षि

नवरतन वर्मा




**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा स्थानीय भाजपा कार्यालय में महान शिक्षाविद, राष्ट्रवादी चिंतक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का उनका संकल्प आज साकार हो चुका है। वरिष्ठ भाजपा नेता बजरंग गुर्जर ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और सेवा का अनुपम उदाहरण है। कार्यक्रम को पड़िहारा सरपंच जगजीत सिंह राठौड़, विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दीनदयाल पारीक एवं भाजपा नेता महेंद्र उपाध्याय ने भी संबोधित किया। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी ने संगठन के डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक संख्या में इससे जुड़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला प्रवक्ता ओम महर्षि ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता हरिप्रसाद दायमा, भाजपा शहर मण्डल उपाध्यक्ष निरंजन रुन्थला, सुभाष भूण, महामंत्री दीपक मुरारका, मण्डल मंत्री राधेश्याम रांकावत, हेमन्त पंवार, प्रह्लाद भार्गव, हनीफ खत्री, रतन मोची, स्वरूप सिंह सेहला, सुरेश घारू, जगदीश पंवार, महेश सेवदा, महावीर महर्षि, सुनील शर्मा, अशोक पंवार, रमेश जेदिया, राकेश गौड़, उमाशंकर उपाध्याय, हिरालाल प्रजापत, प्रकाश चारण, सुरेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, रामदेव चंदनिया, लोकेश पारीक, शम्भू सारस्वत, योगेश प्रजापत, सोमदत्त शर्मा, सुफियान गौरी, सुनील शर्मा, इन्द्रचंद प्रजापत, करणी सिंह, बलवीर स्वामी सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

## पौत्री के जन्मोत्सव पर हुआ जलवा पूजन, दिया बेटियों के सम्मान का संदेश

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर तहसील के ग्राम धीरवास बड़ा निवासी मनोहर लाल गौड़, सुपुत्र स्वर्गीय गुलजारी लाल गौड़, ने अपनी पौत्री मानुषी के प्रथम जन्मोत्सव के अवसर पर जलवा पूजन कुआँ पूजन का आयोजन कर समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। राजस्थान में परंपरागत रूप से जलवा पूजन की रस्म पुत्र जन्म के अवसर पर सम्पन्न की जाती रही है।

ऐसे में पौत्री के जन्मोत्सव पर इस परंपरा का आयोजन कर परिवार ने यह संदेश दिया कि बेटी और बेटा दोनों समान हैं तथा दोनों ही परिवार के गौरव और खुशियों का आधार हैं। यह आयोजन केवल एक धार्मिक परंपरा का निर्वहन नहीं, बल्कि ष्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और नारी सम्मान की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक सामाजिक पहल है। ऐसे सकारात्मक प्रयास समाज में बेटियों के प्रति सम्मान, समानता और स्नेह की भावना को और अधिक मजबूत करते हैं तथा रूढ़िगत सोच को बदलने की प्रेरणा देते हैं।

समारोह में बड़ी संख्या में परिजन, रिश्तेदार एवं ग्रामवासी शामिल हुए और नन्ही मानुषी को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना की। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बदलती सामाजिक सोच और महिला सम्मान की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। यह आयोजन केवल एक पारिवारिक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सम्मान, समानता और सकारात्मक सोच को सुदृढ़ करने का प्रेरणादायक संदेश बनकर उभरा।

## सम्पादकीय

# डोपिंग संकट : भारतीय खेलों की साख पर सवाल



**यह बात सच है कि भारत में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। देश में कई ऐसे खिलाड़ी उभरकर सामने आए हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। हालांकि, इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि कौशल विकास की कमी और पर्याप्त अवसर एवं बुनियादी सुविधाओं का अभाव आज भी बना हुआ है।**

इस बीच, एक और गंभीर समस्या की जकड़बंदी का दायरा इतना बड़ा हो गया है कि भारतीय खेलों की साख पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। यह समस्या डोपिंग नियमों का पूरी तरह पालन नहीं करने से जुड़ी है।

यही वजह है कि 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट' की ओर से हाल ही में जारी की गई डोपिंग उल्लंघन करने वालों की वैश्विक सूची में भारत को फिर से शीर्ष स्थान पर रखा गया है।

ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या देश में डोपिंग रोधी नियमों की गंभीरता को समझने में लापरवाही बरती जा रही है या फिर इसकी वजह कुछ और है। यहां प्रश्न सिर्फ खिलाड़ियों पर ही नहीं, बल्कि सरकार, प्रशासक और प्रशिक्षकों की कुशलता, सतर्कता एवं संवेदनशीलता पर भी है।

गौरतलब है कि पिछले दो वर्षों से डोपिंग उल्लंघन करने वालों की सूची में सबसे ऊपर रहने के कारण विश्व एथलेटिक्स ने बीते अप्रैल में भारत को डोपिंग के 'बहुत अधिक' जोखिम वाले देश के रूप में भी चिह्नित किया था। इसकी गंभीरता को देखते हुए हालांकि सरकार की ओर से डोपिंग रोधी कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, लेकिन इनकी गुणवत्ता जोखिमों के अनुपात में कहीं कम नजर आती है।

यह सही है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित खिलाड़ी को ही दोषी माना जाता है, लेकिन इससे प्रशासकों या खेल संघों की जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती है।

अगर कोई खिलाड़ी अनजाने में ऐसी दवा या खाद्य एवं पेय पदार्थ लेता है, जो नियमों के विरुद्ध है, तो इसके लिए जवाबदेही पूरे खेल तंत्र की बनती है। नियमों की पर्याप्त जानकारी देकर खिलाड़ियों को सतर्क एवं जागरूक करना और नियमित निगरानी की जिम्मेदारी प्रशासकों तथा प्रशिक्षकों की ही होती है। ऐसे में जरूरी है कि 'डोप मुक्त भारत' बनाने के लिए प्रतिक्रियात्मक प्रवर्तन से आगे बढ़कर एक परिवर्तनकारी बदलाव की ओर कदम बढ़ाया जाए।

## विशेष आलेख

# संघर्षों से निखरी एक बुलंद आवाज का खामोश होना



तीजन बाई का कार्यक्रम केवल गायन नहीं होता था वह एक जीवंत अनुभव होता था। वे जैसे ही तंबूरा हाथ में लेकर मंच पर आतीं, वातावरण बदल जाता। कुछ ही क्षणों में वे स्वयं भीम बन जातीं। अगले ही पल अर्जुन की मुद्रा में दिखाई देतीं। फिर द्रौपदी की पीड़ा उनके चेहरे पर उतर आती।

पंडवानी को लोकनृत्य एवं लोकशैली में अमर कर देने वाली महान गायिका तीजन बाई अब हमारे बीच नहीं रही हैं। तीजन बाई ने अपने अदम्य संघर्ष से अपनी पहचान बनाई। कुछ आवाज़ें पीढ़ियों की स्मृतियों में घर कर जाती हैं। वे कालांतर में लोकजीवन की चेतना का हिस्सा बन जाती हैं। ऐसा लगता है जैसे छत्तीसगढ़ की धरती पर सदियों से गूंजती महाभारत की कथा आज अचानक ठहर-सी गई हो। लेकिन तीजन अब अपनी आवाज़, अपने अभिनय और अपने संघर्ष की प्रेरक गाथा में सदैव जीवित रहेंगी।

लोक-संस्कृति का इतिहास जब भी लिखा जाएगा, तीजन बाई का नाम केवल एक लोकगायिका के रूप में नहीं, बल्कि उस स्त्री के रूप में दर्ज होगा, जिसने सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देकर यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा का कोई लिंग नहीं होता और साधना का कोई विकल्प नहीं होता।

तीजन बाई ने महाभारत के प्रसंगों में भारतीय सत्यता की संस्कृति को जिया। मंच पर उनके संवादों में जो चमक थी वह सचमुच सीधे हृदय में पहुंचती थी। उनकी इस अदायगी को मंच से दूरदर्शन के लिए रिकॉर्ड करते हुए लगता था कि यह एक अद्भुत पल है। जिस बिंदास अंदाज में वह पंडवानी को गाती थीं वह उनके लिए ही संभव है। वह एक बिंदास और जीवट वाली महिला थी, जिसने अपने संघर्ष की शर्तों पर जीवन को जिया। वह कहती थी जियो तो अपने से जियो, गांव के गंवारपन में खुले मन से जियो और यही जीने का एक तरीका है।

पारिवारिक परंपरा में तीजन ने 13 साल की उम्र में पहला सार्वजनिक मंच प्रदर्शन किया था। भिलाई के समीप गनियारी गांव में जन्मी तीजन बाई के पिता हुनुकलाल परधा और माता सुखवती थीं। बचपन में वे अपने नाना ब्रजलाल से महाभारत की कथाएं सुनती थीं। यही संस्कार आगे चलकर उनके जीवन का आधार बने। उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए उमेद सिंह देशमुख ने उन्हें मार्गदर्शन दिया। तीजन का बचपन अभावों में बीता। बचपन का अधिकांश समय श्रम, संघर्ष और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच बीता। किंतु इन्हीं कठिन परिस्थितियों में उनके भीतर लोककला का बीज अंकुरित हुआ। उनके नाना महाभारत और पंडवानी की कथाएं गाया करते थे। छोटी-सी तीजन मंत्रमुग्ध होकर उन्हें सुनतीं। वे हर पात्र को अपने भीतर जीने लगती थीं। शायद उसी समय नियति ने तय कर लिया था कि वह एक दिन स्वयं महाभारत की जीवित आवाज़ बनेंगी।

उस दौर में पंडवानी की 'कापालिक शैली', जिसमें कलाकार खड़े होकर अभिनय के साथ कथा प्रस्तुत करता है, लगभग पूरी तरह पुरुषों का क्षेत्र मानी जाती थी। महिलाओं को सीमित भूमिका दी जाती थी। लेकिन तीजन बाई ने परंपरा की इस दीवार को तोड़ दिया।

उस समय तीजन बाई के लिए यह साहस आसान नहीं था। उन्हें समाज की आलोचना झेलनी पड़ी। रूढ़िवादी सोच ने उनका विरोध किया। लेकिन जिन लोगों के भीतर कला की साधना होती है, वे अपमान को भी अपनी शक्ति बना लेते हैं।

तीजन की यात्रा किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं थी। छोटे-छोटे गांवों की चौपालों से लेकर मेलों तक, फिर जिला स्तरीय आयोजनों से राष्ट्रीय मंचों तक और वहां से दुनिया के बड़े-बड़े सांस्कृतिक समारोहों तक—हर पड़ाव उन्होंने अपनी मेहनत से अर्जित किया। उनके पास न कोई बड़ा गुरु-तंत्र था, न संसाधन, न प्रचार। उनके पास केवल एक सशक्त आवाज़, अद्भुत स्मरणशक्ति, मंच पर अभिनय की विलक्षण क्षमता और अपनी लोकपरंपरा के प्रति अटूट आस्था थी।

तीजन बाई का कार्यक्रम केवल गायन नहीं होता था वह एक जीवंत अनुभव होता था। वे जैसे ही तंबूरा हाथ में लेकर मंच पर आतीं, वातावरण बदल जाता। कुछ ही क्षणों में वे स्वयं भीम बन जातीं। अगले ही पल अर्जुन की मुद्रा में दिखाई देतीं। फिर द्रौपदी की पीड़ा उनके चेहरे पर उतर आती और कुछ ही क्षणों बाद श्रीकृष्ण की मुस्कान और नीति उनके स्वर में गूंज उठती। उनका तंबूरा कभी गदा बन जाता, कभी धनुष और कभी युद्ध का प्रतीक। दर्शक भूल जाते कि वे किसी कलाकार को देख रहे हैं; उन्हें लगता कि स्वयं महाभारत उनके सामने घटित हो रहा है।

धीरे-धीरे देश की सांस्कृतिक संस्थाओं ने उन्हें अपनाया और फिर अंतर्राष्ट्रीय मंचों के द्वार खुलते चले गए। उनकी साधना को देश ने सर्वोच्च सम्मान दिए। पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित होना किसी भी कलाकार के लिए गौरव की बात है। लेकिन इन सम्मानों से कहीं अधिक बड़ा सम्मान उन्हें जनता ने दिया। आज वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी आवाज़ अब भी हवा में तैर रही है। लगता है जैसे कहीं दूर से फिर वही स्वर सुनाई दे रहा हो—महाभारत का कोई प्रसंग, भीम की हुंकार, कृष्ण की वाणी और लोकजीवन की अनंत धड़कन।

# इंस्टाग्राम पर बढ़ रहा बाल यौन शोषण, साइबर अपराध पर सख्त कार्रवाई क्यों जरूरी है?

इंटरनेट की दुनिया में अनेक स्तर पर लोगों के ठगी का शिकार होने से लेकर 'डिजिटल अरेस्ट' और अन्य गंभीर अपराधों के फैलते जाल ने वैश्विक स्तर पर एक जटिल चुनौती पेश की है। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जो तकनीक लोगों के जीवन-स्तर को बेहतर बनाने, उनकी समझ का विस्तार करने के काम में आनी चाहिए थी, वह अब कुंठित और आपराधिक मानसिकता के लोगों के लिए एक कारगर औजार बन रही है।

ताजा विवाद सोशल मीडिया के एक लोकप्रिय मंच 'इंस्टाग्राम' से जुड़ा है, जिस पर पैसे लेकर ऐसे विज्ञापन दिखाने का आरोप है, जिसके जरिए बच्चे-बच्चियों के यौन शोषण की सामग्री का प्रसार हो रहा है। यही नहीं, उपयोगकर्ताओं को बच्चों के यौन शोषण के वीडियो मामूली खर्च पर खरीदने के लिए ऑनलाइन संपर्क भी दिए जा रहे हैं।

सवाल है कि अगर इस तरह की आपराधिक गतिविधियां व्यापक पहुंच रखने वाले एक लोकप्रिय सोशल मीडिया मंच पर चलाई जा रही हैं, तो इसके पीछे कौन लोग हैं और उन्हें बिना बाधा के यह सब करने की छूट और सुविधा कौन मुहैया करा रहा है। क्या 'इंस्टाग्राम' और उसकी संचालक कंपनी 'मेटा' की इसके लिए सीधी जिम्मेदारी नहीं बनती कि वह अपने मंच पर आपराधिक हरकतों को फलने-फूलने की जगह दे रही है? यह बेवजह नहीं है कि सरकार ने बाल यौन शोषण से जुड़ी सामग्री को बढ़ावा देने वाले इंस्टाग्राम विज्ञापनों के मामले में मेटा को तलब करने का निर्देश दिया है। हाल ही में सरकार ने मेटा के ही स्वामित्व वाले वाट्सऐप को उसकी नई उपयोगकर्ता सुविधा के मामले में नोटिस भेजा था, जिसमें नाम छिपाकर बात करने की छूट दी गई है। कहने को सोशल मीडिया के मंचों के अपने नियम-कायदे या दिशानिर्देश होते हैं, जिनके तहत वे आपत्तिजनक सामग्री को हटा देते हैं। मगर ऐसा लगता है कि 'आपत्तिजनक सामग्री' की परिभाषा ये कंपनियां अपनी सुविधा और एजंडे के मुताबिक तय करती हैं। वरना सामाजिक और कानूनी तौर पर भी अपराध के दायरे में मानी जाने वाली अश्लील और बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री के खिलाफ सख्ती और उन पर पूरी तरह रोक लगाने को लेकर वे उदासीन क्यों रहती हैं? ऐसे में यह क्यों नहीं माना जाए कि वे आपत्तिजनक सामग्री को प्रसारित करने के जरिए सिर्फ अपनी कमाई सुनिश्चित करती हैं और प्रकारांतर से वे भी ऐसी हरकतों की भागीदार होती हैं? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि इंस्टाग्राम पर विज्ञापन तभी जारी होते हैं, जब उसके मातहत काम करने वाले तंत्र की बेहद आधुनिक तकनीक उसे सही बताती है।

## आज का राशिफल

### मेष
चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं।

### वृष
पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

### मिथुन
पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

### कर्क
शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी।

### सिंह
पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

### कन्या
फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी।

### तुला
प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे।

### वृश्चिक
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी।

### धनु
चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा।

### मकर
विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

### कुंभ
रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### मीन
घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# स्किन पर लगाएं दही और नींबू, दूर होंगी यह समस्याएं

चेहरे को खूबसूरत और चमकता हुआ बनाने के लिए सही ढंग से उसका ध्यान रखना जरूरी होता है। दही जिसका इस्तेमाल खाने में किया जाता है चेहरे को खूबसूरत और समस्याओं से बचाने के लिए बहुत फायदेमंद होती है। दही और नींबू के इस्तेमाल से आप चेहरे को चमकदार और समस्याओं से मुक्त रख सकते हैं। दही में मौजूद गुण स्किन को बेहतर बनाने और एक्ने, पिंपल्स या दानें आदि को दूर करने का काम करते हैं। स्किन पर टैनिंग और प्रदूषण की वजह से पड़ने वाले प्रभावों को दूर करने के लिए भी दही और नींबू का एकसाथ इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। नींबू में मौजूद विटामिन सी और इसके अन्य गुण स्किन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए बहुत उपयोगी माने जाते हैं। दही और नींबू से बने फेस मास्क को चेहरे पर लगाने से झुर्रियों, एक्ने, दानें और मुहांसों की समस्या दूर होती है। चेहरे को खूबसूरत और दाग-धब्बों से मुक्त बनाए रखने के लिए दही और नींबू का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। चेहरे को मॉइस्चराइज करने के लिए, मुहांसों को दूर करने के लिए, सनबर्न से छुटकारा पाने के लिए और चेहरे पर ब्लैक स्पॉट को दूर करने के लिए दही और नींबू का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। नींबू और दही का इस्तेमाल चेहरे और स्किन को एजिंग से भी बचाने का काम करता है।



**स्किन को पोषण देने के लिए दही और नींबू के फायदे :** दही और नींबू का एकसाथ इस्तेमाल करने से स्किन को पोषण मिलता है और हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है। दही में सेलेनियम और विटामिन ए की पर्याप्त मात्रा पायी जाती है जो डीएनए को रिपेयर करने का काम करता है और एजिंग से बचाने में फायदेमंद होता है। स्किन को सूरज की हानिकारक अल्ट्रावॉयलेट किरणों से बचाने के लिए भी इसका इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है।

**स्किन को एक्सफॉलिएट करने में फायदेमंद :** सही और नींबू का फेस पैक आपकी स्किन को एक्सफॉलिएट करने का काम करता है। इसका इस्तेमाल स्किन को गहराई से साफ करने का काम करता है। आप सप्ताह में 2 से 3 बार इसका इस्तेमाल कर स्किन को बेहतर बना सकते हैं।

**स्किन की नमी को बरकरार रखने में उपयोगी :** स्किन की नमी को बरकरार रखने के लिए दही और नींबू का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसके सेवन से स्किन को नमी मिलती है और स्किन मॉइस्चराइज होती है। इसके इस्तेमाल से स्किन को कोमल बनाए रखने में भी फायदा मिलता है। दही में मौजूद लैक्टिक एसिड का इस्तेमाल स्किन को मॉइस्चराइज रखने में बहुत फायदेमंद होता है।

# वजन घटाने के लिए तुलसी और काली मिर्च है बहुत फायदेमंद, ऐसे करें इस्तेमाल

भारतीय मसालों का स्वाद बेहद स्वादिष्ट होता है। इनका इस्तेमाल आप कई तरीके से कर सकते हैं। ये सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इनका इस्तेमाल करी, सब्जी और चाय बनाने में भी किया जाता है। इसी तरह आप तुलसी और काली मिर्च का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे गले की खराश, सर्दी-जुकाम, इम्यून सिस्टम मजबूत करने और चयापचय दर बढ़ाने में मददहार साबित हो सकता है। साथ ही काली मिर्च की तासीर गर्म होती है, जो सर्दियों में आपको अंदर से गर्म रखने का काम करता है। साथ ही तुलसी पत्ते और काली मिर्च की मदद से आप अपना वजन कम कर सकते हैं। अगर आपका वजन बहुत अधिक बढ़ गया है, तो आप इन दोनों चीजों को मिलाकर खा सकते हैं। इससे आपको स्वस्थ तरीके से वजन कम करने में सहायता मिलती है। दरअसल तुलसी पत्ते और काली मिर्च में फाइबर, विटामिन सी, के, ए, कैल्शियम और पोटैशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसमें स्वस्थ वसा भी पाया जाता है।

## पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद

वजन कम करने के लिए सबसे पहले जरूरी है कि आपका पाचन तंत्र सही ढंग से काम करें। साथ ही तुलसी पत्ते और काली मिर्च के सेवन से आपका चयापचय दर तेज हो सकती है, जिससे भोजन का पाचन अच्छे से हो सके। तुलसी पत्ते और काली मिर्च में फाइबर और कैलोरी की मात्रा बेहद कम होती है, जिसकी मदद से वजन कम रहता है और आप अंदर से फिट महसूस करते हैं।

## शरीर को डिटॉक्स करे

तुलसी पत्ता और काली मिर्च के सेवन से आपका शरीर डिटॉक्स होता है। जिससे शरीर में जमा फैट और ऑयल की परत को शरीर से बाहर निकाला जा सकता है। इससे आपके पेट के आसपास और अन्य शरीर के हिस्सों में जमा फैट आसानी से निकल जाता है। आप चाहे तो ऑयली खाना खाने के बाद तुलसी पत्ते और काली मिर्च को खा सकता है। इससे काफी फायदा होता है और शरीर को कई फायदे भी मिलते हैं।

## कब्ज से छुटकारा

कई लोगों को खाना खाने के बाद बदहजमी और कब्ज की परेशानी होने लगती है। इससे भी आपको वेटलॉस करने में परेशानी होती है। साथ ही यह आपके पाचन तंत्र को भी खराब कर सकता है। जिससे वजन घटाने में भी परेशानी होती है। लेकिन इसमें मौजूद फाइबर और अन्य पोषक तत्वों की वजह से आपको कब्ज से छुटकारा मिलता है और साथ ही एसिडिटी से भी राहत मिलती है।



## इन तरीकों से करें सेवन

**तुलसी पत्ते और काली मिर्च की चाय :** वेटलॉस के लिए आप तुलसी पत्ते और काली मिर्च की चाय पी सकते हैं। चाय बनाने के लिए आप 5-6 दाने काली मिर्च, 5-6 तुलसी के पत्ते, गुड़ और अजवाइन की चाय बना सकते हैं। इससे आपको गले के दर्द में भी राहत मिलती है।

**तुलसी पत्ता, काली मिर्च और शहद :** इसके लिए आप तुलसी पत्ता, काली मिर्च और शहद तीनों का मिश्रण तैयार कर सकते हैं। इससे भी वजन कम करने में मदद मिलती है। इसके एंटीइंफ्लेमेटरी गुण शरीर की सूजन को भी कम करते हैं।

### तुलसी पत्ता और काली मिर्च सेवन

वजन घटाने के लिए आप केवल तुलसी पत्ता और काली मिर्च पाउडर को पानी में उबालकर पी सकते हैं।

# पेट की चर्बी कम करने के लिए करें प्लैंक एक्सरसाइज

पेट की चर्बी या फैट कम करना बेहद ट्रिकी होता है। सिंपल एक्सरसाइज और डाइट से ओवरऑल बॉडी फैट तो कम हो जाता है लेकिन जिद्दी पेट के फैट को बर्न करने में काफी परेशानी आती है। पेट की चर्बी कम करने और मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए कई तरह की एक्सरसाइज हैं। यदि आप एक ऐसे वर्कआउट रूटीन की तलाश कर रहे हैं, जो न केवल आसान और प्रभावी हो, बल्कि जिसे आप घर या जिम कहीं भी कर सकते हैं, तो आप प्लैंक ट्राई कर सकते हैं। प्लैंक एक प्रभावी बॉडीवेट वर्कआउट है, जो कोर को मजबूत, स्थिर और लचीला बनाता है। इसके नियमित अभ्यास से मेटाबॉलिज्म को भी सुधारा जा सकता है। प्लैंक के अलग-अलग वेरिएंट आपके कोर को टार्गेट करने में मदद करते हैं, प्लैंक को यदि सही तरीके से किया जाए, तो एक ही महीने में आपको बेहतर रिजल्ट प्राप्त हो सकते हैं।

**सही पोस्चर जरूरी है :** जब आप प्लैंक कर रहे हों, तो आपका पोस्चर बिल्कुल सही होना चाहिए। एक परफेक्ट प्लैंक पोस्चर में आपके पैरों को सीधा, पीठ को जमीन के समानांतर और रीढ़ को सीधा होना चाहिए। आपको अपने घुटने नहीं मोड़ने चाहिए या अपनी पीठ भी नहीं उठानी चाहिए। दोनों बाजू सीधे और फर्श के समानांतर होने चाहिए। इसके अलावा, इसमें अपने ग्लूट्स को शामिल करें, ताकि आप कौलोरी बर्न कर सकें।


**अधिक समय तक करें होल्ड :** एक और चीज है जो फायदेमंद हो सकती है वह है समय, यानी कितनी देर तक आप प्लैंक को होल्ड करते हैं। प्लैंक देखने में आसान लगता है लेकिन जब आप इसका अभ्यास करते हैं, तो पूरी बॉडी को इनवॉल्व करना पड़ता है। जब तक आप कर सकते हैं, तब तक प्लैंक को होल्ड करें। ऐसा करने से न केवल आपके पेट की चर्बी कम होगी बल्कि एब्स की मांसपेशियां भी टोन होंगी।

**वैरिएशन ट्राई करें :** प्लैंक के कई वैरिएशन हैं, जिन्हें ट्राई करके वजन घटाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। फोरआर्म या फुल प्लैंक हर रोज करना नीरस हो सकता है, इसलिए आप अन्य वैरिएशन ट्राई कर सकते हैं। साइड प्लैंक से लेकर नी प्लैंक और स्ट्रेट आर्म प्लैंक का चुनाव कर सकते हैं। ये सभी एक्सरसाइज काफी इफेक्टिव हैं।

**प्लैंक पोजीशन में मूव करें :** प्लैंक पोजीशन को और अधिक डिफिकल्ट बनाने के लिए साइड मूव्स किए जा सकते हैं। इसके अलावा प्लैंक जैक, अप या डाउन प्लैंक और माउंटेन क्लाइंबर वर्कआउट फैट कम करने में मदद कर सकते हैं। इससे ज्यादा से ज्यादा फैट बर्न किया जा सकता है।

# डॉ. कपिल धाबाई की पुनर्नियुक्ति का विरोध तेज

## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



ललित दाधीच

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजकीय चिकित्सालय राजलदेसर में डॉ. कपिल धाबाई की पुनर्नियुक्ति के विरोध में सोमवार को विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने अस्पताल परिसर के बाहर प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर डॉक्टर को तत्काल हटाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समय रहते मांग नहीं मानी गई तो उग्र आंदोलन, धरना-प्रदर्शन और जनआंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में भीम आर्मी, अखिल भारतीय किसान सभा, मेघवाल महासभा, कांग्रेस पार्टी सहित अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। अखिल भारतीय किसान सभा के तहसील अध्यक्ष कामरेड भादर भामू ने आरोप लगाया कि रतनगढ़ के पूर्व विधायक और डॉ. कपिल धाबाई की कथित सांठगांठ के कारण ही उनकी दोबारा राजलदेसर में नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि जिस डॉक्टर पर गलत उपचार के कारण एक गरीब परिवार के युवक की मौत के आरोप हैं, उस मामले की जांच अभी तक पूरी भी नहीं हुई है। इसके बावजूद उनकी पुनर्नियुक्ति करना न्याय और प्रशासनिक पारदर्शिता के खिलाफ है। भामू ने कहा कि आंदोलन के दौरान प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच हुए लिखित समझौते में स्पष्ट सहमति बनी थी कि जांच पूरी होने तक संबंधित चिकित्सक की राजलदेसर में नियुक्ति नहीं की जाएगी। लेकिन अब उस समझौते की भावना की अनदेखी की जा रही हैए जिससे आमजन में भारी नाराजगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ताधारी नेताओं के दबाव में प्रशासन आम लोगों की आवाज को नजरअंदाज कर रहा है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई कि पूर्व में हुए लिखित समझौते का सम्मान करते हुए डॉ. कपिल धाबाई को तत्काल प्रभाव से राजलदेसर से हटाया जाए तथा जांच पूरी होने तक उनकी यहां नियुक्ति नहीं की जाए। साथ ही यदि कोई अधिकारी समझौते की अवहेलना करता है तो उसके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाए। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से व्यापक धरना-प्रदर्शन और उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की होगी। इस दौरान भीम आर्मी अध्यक्ष श्रवण बारूपाल, मेघवाल महासभा अध्यक्ष कालूराम तंवर, कांग्रेस नगर अध्यक्ष जब्बार खोखर, मनोज, गोविंद, भीमराज, हंसराज, बाबूलाल, नबाब निर्वाण, मिर्जाराम, सुरेश, सुगणाराम, एडवोकेट जगदीश, राकेश, सोनू, परमेश्वर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।


## विद्यार्थियों को किया जागरूक



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरु व तालुका विधिक सेवा समिति तारानगर के निर्देशानुसार सोमवार को झाड़सर छोटा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कानूनी और संवैधानिक उपचारों का अधिकार बाल संरक्षण और समस्या के अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी श्वेता भाकर ने बच्चों को बुनियादी कानूनी और संवैधानिक अधिकार के बारे में बताएं इसमें शिक्षा का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, के बारे में बच्चों को जागरूक किया और बाल संरक्षण और सुरक्षा के अधिकार के बारे में बताएं इसमें पोक्सो एक्ट सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में बच्चों को बताया और सामाजिक और कानूनी मुद्दे के बारे में उनको जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

## निराश्रित 37 गौवंश को खींदास गौशाला भिजवाया



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** शहरी सेवा शिविर 2026 के अन्तर्गत जलदाय विभाग, विद्युत विभाग, पशुपालन विभाग, सामजिक न्याय एंव अधिकारीता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आयुर्वेद विभाग, चिकित्सा विभाग, रसद विभाग, आरयूडीआईपी द्वारा अपने अपने विभागों से संबंधित फ्लेगशीप योजनाओं के द्वारा आमजन को निरन्तर राहत प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है तथा विभिन्न जन समस्याओं का निस्तारण शीघ्रता से किया जा रहा है। अधिशाषी अधिकारी हरेन्द्र चौधरी ने बताया कि जिला कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों की पालना में पालिका द्वारा पिछले तीन दिवस में अभियान चलाकर पहली पट्टी व ऋषभ द्वार से क्षेत्र से 37 निराश्रित पशुधन को पकड़कर खींदास गौशाला में भिजवाया गया। चौधरी ने बताया कि नगरपालिका द्वारा यह कार्यवाही आगे अन्य स्थान सब्जी मण्डी, राहुगेट, बस स्टेण्ड आदि अन्य स्थानों पर भी जारी रहेगी। पालिका द्वारा की गई कार्यवाही से आमजन ने राहत की सांस ली है। आगे भी शहर में घूम रहे बेसहारा गौवंश को पकड़कर निरंतर गौशाला में भिजवाने की मांग की है।

## भारतीय जनसंघ के संस्थापक मुखर्जी की जयंती मनाई



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** भाजपाईयों द्वारा एक महान राष्ट्रवादी एवं प्रखर विचारक भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। सोमवार को कस्बे के श्याम दरबार मंदिर में पूर्व सांसद व महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी संतोष अहलावत के नेतृत्व में डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान अहलावत ने डॉ मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक देश में दो विधान दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे उनके द्वारा दिया गया यह केवल एक नारा नहीं बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का उद्घोष था जम्मू कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव याद रखा जाएगा। इस मौके पर संगठन प्रभारी रोहितास फौजदार, पूर्व कोषाध्यक्ष सेवाराम गुप्ता, लोकतंत्र सेनानी सज्जन अग्रवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकास शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष कृष्ण सैनी, महामंत्री संतोष कुमावत, पूर्व चेयरमैन नरेश वर्मा, पार्वती देवी, सुरेंद्र चेतीवाल, वर्षा सोमरा, विनोद खेतान, विनोद शर्मा, अशोक शर्मा, धर्मवीर चंदेलिया, रूक्मानंद सैनी, राजेंद्र सौंकरिया सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्क र से 55 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत



निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर क्षेत्र में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा राजलदेसर से करीब 13 किलोमीटर दूर थामड़ा जोहड़ा-परसनेऊ मार्ग पर हुआ, जहां खेत से घर लौट रहे एक व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार परसनेऊ निवासी 55 वर्षीय मोटाराम पुत्र सोहनलाल मेघवाल रविवार रात करीब 10 बजे खेत से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान थामड़ा जोहड़ा के पास किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही राजलदेसर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर राजकीय चिकित्सालय राजलदेसर की मोर्चरी में रखवाया। सोमवार सुबह मृतक के भतीजे मुकेश कुमार ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाया और बाद में शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन एवं उसके चालक की तलाश में जुटी हुई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, साथ ही अन्य संभावित साक्ष्यों के आधार पर आरोपी वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी वाहन चालक का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा।

## जयपुर में स्वर्णकार सेवा दल द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** स्वर्णकार सेवा दल द्वारा बिड़ला ऑडिटोरियम जयपुर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर 8 वीं कक्षा में ए तथा ए प्लस रेटिंग एवं 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर, प्रमाण-पत्र एवं उपहार प्रदान किए गए। यह आयोजन भामाशाहों के सहयोग से सम्पन्न हुआ, उनका भी संस्था द्वारा दुपट्टा एवं मोमेंटो एवं उपहार देकर सम्मान किया गया। संस्था के वरिष्ठ सदस्य घनश्याम बबेरवाल ने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान एवं हरियाणा से आए विद्यार्थी, उनके अभिभावक तथा समाज के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्य की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य भी राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से उपस्थित रहे। कार्यक्रम गरिमामय एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## ट्रेक्टर्स के टेंडर करवाने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** गलियों में नालियों के किनारे पड़ कचरा वापस सड़कों पर बिखर रहा है, जिसके कारण सफाई व्यवस्था सड़कों की भंग हो रही है। वार्ड नं. 5 के निवासी कॉमरेड जगदीश नाथ ने नगरपरिषद से मांग की है कि जल्द से जल्द वार्डों तथा आम सड़कों से कचरा उठाने के लिए ट्रेक्टर्स का टेंडर किया जावे, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पटरी पर आ सके। क्योंकि गलियों, मोहल्लों, चौक चौराहों से समय पर कचरे की ढ़ेरियां नहीं उठने से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। और तो और मच्छरों का प्रकोप बारिश के सीजन में बढ़ता जा रहा है।

## जनसंघ के संस्थापक मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** भाजपा की ओर से जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आशापूर्णा हनुमान मंदिर साहवा रोड में शहर मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट अनूप खंडेलवाल की अध्यक्षता में मुखर्जी की जन्म जयंती पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन जसवंत स्वामी, अनूप खंडेलवाल, लिलाधर बागोरिया, भंवरलाल पूनिया, दोलतपुरी गोस्वामी, वीरबहादुर सिंह, विजय प्रकाश सोनी, सूर्यप्रकाश ढाका, मनोज जोशी, नन्दू पटीर, अशोक जांगिड़, देवकरण कल्ला, मोहम्मद समीर खान, राकेश टाक, बाबूलाल पटीर, शिवकुमार शर्मा, पवन शर्मा, भगवती प्रसाद शर्मा, गुमान सैनी, सेठी पेटर, पंकज मिश्रा, सुभाष सहारण, हवासिंह राहड, राकेश पटीर, भागीरथ पटीर, दरिया सिंह पटीर आदि भाजपा के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सामूहिक राम नाम जप को लेकर हुई बैठक



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ सिद्धपीठ श्री संकटमोचन वीर हनुमान ताल वाले बालाजी मंदिर के प्रांगण में 14 जुलाई को संत प्रहलाद महाराज के सानिध्य में सामूहिक राम नाम जप का आयोजन प्रस्तावित है । जप आयोजन हेतु मंदिर प्रांगण में गत सायं बैठक हुई ।

जिसमे अलग-अलग कमेटियों का गठन कर दायित्व दिए गए। सामूहिक राम नाम जप में हजारों की संख्या में धर्म श्रद्धालु भाग लेंगे। जप आयोजन हेतु आसपास के शहर व ग्रामीण क्षेत्र से भी श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। जप कार्यक्रम प्रातः 5 बजे से शुरू होकर 9 बजे तक चलेगा। बैठक में कमेटी के मुरारीलाल पारीक, हरिशंकर मंगलहारा व पुजारी धनराज इंदौरिया ने जप आयोजन की रुपरेखा बतायी। बैठक में सांवरमल माटोलिया, मनोज जोशी व गिरधारीलाल बाजोरिया ने भी अपने विचार रखें। बैठक में कथा वाचक कोमल किशोरी, पुजारी निलेश इंदौरिया, रवि इंदौरिया, अजय इंदौरिया, हरिराम सोनी, एडवोकेट प्रमोद इंदौरिया, ओम सारस्वत, राधेश्याम सोनी सहित कई धर्म श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

## बालाजी का विशाल जागरण 14 को

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** एसबीएन कॉलेज श्रीमाधोपुर के सामने नवोडी खेत के बालाजी महाराज का रात्रि जागरण 14 जुलाई मंगलवार को होगा। जिसमें गायक कलाकार ग्यारसी लाल एंड लेडीज पार्टी जयपुर द्वारा किया जाएगा। जानकारी देते हुए किशन लाल सैनी ने बताया कि 14 जुलाई मंगलवार को रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। वहीं सवामणी प्रसाद का आयोजन मंगलवार प्रातः 11:15 बजे से शुरू किया जाएगा। सैनी ने बताया कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर बालाजी महाराज के भजनों का आनंद लेवे। सैनी ने बताया कि बालाजी महाराज के भजन एक से बढ़कर एक गाए जाएंगे व देर रात्रि तक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## सार्वजनिक चौक पर चारदीवारी बनाकर किया अवैध कब्जा

### घरों में आने-जाने का रास्ता हुआ अवरुद्ध



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** जावा बास स्थित बावरियों की गुवाड़ में सार्वजनिक चौक पर अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासी युसुफ अली पुत्र इस्माईल नागौरी ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर सार्वजनिक चौक पर चारदीवारी बनाकर कब्जा करने और उनके घर तक आने-जाने का मार्ग अवरुद्ध करने की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि उनके मकान के सामने सार्वजनिक चौक एवं आम रास्ते पर गंगाराम द्वारा कब्जा करने की नीयत से चारदीवारी का निर्माण करवाया लिया गया है।

जिससे उनके घर का आने जाने का मार्ग और आम रास्ता अवरुद्ध हो गया है। हनीफ सोलंकी का कहना है कि इस बारे में उन्होंने नगरपालिका ईओ हरेंद्र चौधरी, एसडीएम ममता लहुआ और जिला कलेक्टर को शिकायत की । शिकायत करने के एक माह बीत जाने के बावजूद भी अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित ने जिला कलेक्टर तथा शहरी सेवा शिविर में पहुंचकर आम रास्ते से अवैध अतिक्रमण हटाने, निर्माण कार्य पर रोक लगाकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

## नगरपरिषद में लगे शिविर का उठाया सैकड़ों लोगों ने फायदा



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** शहरी समस्या समाधान शिविर 2026 के अन्तर्गत वार्ड नं 43, 44 व 45 तक का शिविर कार्यालय नगर परिषद् में आयोजित किया गया। शिविर में कृषि भूमि व 69ए के पट्टे की 10, पट्टा नवीनीकरण 09, भवन मानचित्र 02 पत्रावलियों का मौके पर निस्तारण किया गया। यूडी टैक्स के आवेदन 06, जीवीपी 06, सीवर कनेक्शन 16, नाली मरम्मत 01, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 27, स्ट्रीट लाईट 09, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 05, पीएम स्व निधि 04, जन आधार अद्यतन, संशोधन, नये जोड़े गये सदस्य 26, वृक्षारोपण 100, आज जोड़े गये पेशनर्स की संख्या 05, शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत जॉबकार्ड 07 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारित किये गये। इसी प्रकार विद्युत सप्लाई में व्यवधान 03, ढीले तारों को व्यवस्थित 02 प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारण किया गया है। चिकित्सा शिविर के अन्तर्गत 490 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य 153 प्रकरण प्राप्त हुए। एनसीडी 371 प्रकरण, आधार सिडिंग 05, आधार केवाईसी 03, एलपीजी आईडी केवाईसी 2 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में निवर्तमान पार्षद दीनदयाल पारीक, रेंवतमल पंवार, पंकज घासोलिया, निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि पन्नालाल सोनी, नरेन्द्र प्रजापत आदि ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी सहायक अभियंता चारवी, सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, लेखाकार ओमप्रकाश खीचड़, राजस्व निरीक्षक मुन्नालाल मीणा, वरिष्ठ लिपिक गौतम पारीक, लोकेश जांगिड़ तथा कनिष्ठ लिपिक लोकेश सियोता, फायरमैन देविका, बबिता मीणा, रामनिवास जाट, सुनील विश्नोई, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गांरटी के जेटीए यतेन्द्र सिंह, एमआईएस मैनेजर कृष्ण शर्मा, सहायक लेखाकार सरिता चौधरी, रोजगार सहायक मनीषा व समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद् तथा चिकित्सा विभाग के डॉ मनीष, नर्सिंग ऑफिसर दिलीप सिंह, एएनएम निर्मला, समाज कल्याण विभाग के सहायक लेखाधिकारी प्रहलाद शर्मा, जलदाय विभाग के फिटर शंकर, महिला एवं बाल विकास विभाग से शिल्पी, अफसाना बानो, खाद्य विभाग हंसन खां, रजनीकांत फुलवाड़िया, सार्वजनिक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता रामचन्द्र, रोजगार सहायक भवनी शंकर तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ समाधान



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** ग्राम पंचायत मालासी के अटल सेवा केंद्र में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी ओम प्रकाश वर्मा, विकास अधिकारी मुकेश कुमार, यादव नायब तहसीलदार सुरेंद्र मीणा, सहायक विकास अधिकारी कमलकांत बेदी, प्रशासक विश्वजीत सिंह कस्वा, ग्राम विकास अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह शेखावत सहित लगभग 20 विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान खेतों के नामांतरण 29 और खाता शुद्धिकरण 16, चिकित्सा विभाग में 556 मरीजों जांच करवाई है। पशुपालन विभाग से मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में 98 पॉलिसी, 156 पशुपालक को योजनाओं का लाभ दिया। पंचायती राज विभाग में 07 पट्टे जारी किए गए और 11 व्यक्तिगत शौचालय के आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार विभिन्न कार्य शिविर में सम्पन्न किए गए।

## ग्रामीण सेवा शिविर में 14 परिवारों को आवासीय पट्टे वितरित



निसं

**मंडावा (नवयत्न)।** पंचायत समिति मंडावा की ग्राम पंचायत महनसर में सोमवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान 14 पात्र परिवारों को आवासीय पट्टे जारी कर लाभान्वित किया गया। शिविर में आवासीय पट्टे प्राप्त करने वाले लाभार्थियों में शंकरलाल, शंभू, नागेश, मीता सेन, जब्बार, आशा देवी एवं बलवीर सहित अन्य पात्र परिवार शामिल रहे। लाभार्थियों ने राज्य सरकार की इस जनकल्याणकारी पहल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें अपने आवास पर वैधानिक अधिकार प्राप्त हो गया है, जिससे भविष्य में विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी सुविधा मिलेगी। शिविर के दौरान एक विवाह प्रमाण पत्र जारी किया गया, सात पेंशनधारियों का पेंशन सत्यापन किया गया, तीन पात्र परिवारों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए तथा दस कृषकों के नाम राजस्व अभिलेखों में संशोधित किए गए। इन कार्यों से ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर सहजता से प्राप्त हुआ। शिविर में उपखंड अधिकारी विश्वमित्र मीणा, विकास अधिकारी अमित चौधरी, तहसीलदार शेर सिंह राठौर, ग्राम पंचायत प्रशासक विमल कंवर तथा ग्राम विकास अधिकारी ठाकुर राम की मुख्य भूमिका रही। अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविरों का उद्देश्य आमजन के लंबे समय से लंबित राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों का त्वरित निस्तारण कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। लाभार्थियों ने आवासीय पट्टे एवं अन्य सेवाओं का लाभ प्राप्त कर राज्य सरकार एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध कराई गई।

# 15 साल शानदार रहे...,

## Ben Stokes ने X पर भावुक होकर क्रिकेट फैंस को दिया ये संदेश



इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने एक भावुक नोट लिखकर अपने सफ़र को याद किया है और अपने पूरे करियर में मिले फैंस के सपोर्ट के लिए उनका शुक्रिया अदा किया है। 35 साल के इस खिलाड़ी ने इंग्लैंड और न्यूज़ीलैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच के दौरान ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान करके क्रिकेट की दुनिया को चौंका दिया था। उनके संन्यास का फ़ैसला तब आया जब वे सीरीज़ का दूसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे; इसकी वजह लंदन के एक नाइटक्लब में टीम के लिए तय आधी रात के कर्फ़्यू को तोड़ने और वहां हुई हाथापाई से जुड़ा विवाद था।

वहीं, इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट की घोषणा करने के कुछ ही दिनों बाद, बेन स्टोक्स ने अपने परिवार, दोस्तों, टीम के साथियों और फ़ैन्स को संबोधित किया और इतने सालों तक मिले उनके सपोर्ट के लिए आभार जताया। स्टोक्स ने 2011 में व्हाइट-बॉल क्रिकेट में डेब्यू किया और 2013 में उन्हें टेस्ट कैप मिली। इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने समय के दौरान, उन्हें दुनिया का सबसे बेहतरीन ऑल-राउंडर माना जाता था। उन्होंने सभी फ़ॉर्मेट में कुल 279 इंटरनेशनल मैच खेले और इंग्लैंड की टीम के लिए 11,000 से ज़्यादा रन बनाए। उन्होंने 350 से ज़्यादा विकेट भी लिए। 2019 (50 ओवर) और 2022 (20 ओवर) में इंग्लैंड की वर्ल्ड कप जीत में उनकी अहम भूमिका थी। इस हफ़्ते की शुरुआत में, न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ तीसरे टेस्ट मैच के बीच में ही, 35 साल के इस खिलाड़ी ने चौंकाने वाला ऐलान किया कि मैच के बाद वह इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेलेंगे। इस ख़बर ने पूरी क्रिकेट दुनिया को हैरान कर दिया। अब स्टोक्स ने ङ्ग पर एक इमोशनल मैसेज पोस्ट किया है, जो दिल को छू लेने वाला और मज़ेदार भी है। स्टोक्स ने लिखा कि पिछले 15 साल बहुत ज़बरदस्त रहे हैं। मैदान के अंदर और बाहर, बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं। मेरा समय पूरा हो गया था, और यह फ़ैसला मेरे अलावा कोई और नहीं ले सकता था। लेकिन इस बीच, मैं बस इतना कहना चाहता हूँ कि मैं इंग्लैंड के हर उस फ़ैन और क्रिकेट के हर उस फ़ैन से प्यार करता हूँ जिसने इतने सालों में मेरा साथ दिया है। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी लोगों से प्यार करता हूँ जिनके साथ मैंने इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करते हुए मैदान पर कदम रखा। मैं और भी बहुत कुछ कह सकता हूँ, लेकिन मुझे उम्मीद है कि आप समझ गए होंगे कि 15 सालों तक मैंने जो कुछ भी किया, उससे मुझे कितना प्यार था। मैं एक फ़ैन बनकर टीम को सपोर्ट करने के लिए उत्साहित हूँ, और कभी-कभी हॉस्पिटैलिटी में समय बिताना भी बुरा नहीं होगा। परिवार, दोस्तों, टीम के साथियों, फ़ैन्स... मैं आप सभी से प्यार करता हूँ।

# बाबर 3 साल बाद पाकिस्तान टेस्ट टीम के कप्तान बने

## शान मसूद को खराब प्रदर्शन के कारण हटाया, विंडीज से 2 मैच की सीरीज



बाबर आजम एक बार फिर पाकिस्तान टेस्ट टीम के कप्तान बनाए गए हैं। उन्हें दूसरी बार टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई है। जबकि, शान मसूद को टीम के खराब प्रदर्शन के कारण कप्तानी से हटा दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को टेस्ट टीम का ऐलान किया।

पीसीबी के हाई-परफॉर्मेंस डायरेक्टर आकिब जावेद ने कहा- टीम बार-बार जीते हुए मैच गंवा रही है। शान मसूद की कप्तानी में लीडरशिप नजर नहीं आती है। पाकिस्तानी टीम इस महीने के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला मैच 25 से तारौबा में और दूसरा मैच 2 अगस्त से पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला जाएगा। इसके बाद पाकिस्तानी टीम इंग्लैंड दौरे पर जाएगी।

### मसूद की कप्तानी गई, टीम में शामिल हैं

कप्तानी से हटाने के बाद शान मसूद टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। आकिब जावेद ने कहा, शान का व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छा रहा, लेकिन कप्तान के रूप में वे टीम को नतीजे नहीं दिला सके। कप्तान की जिम्मेदारी सिर्फ टॉस तक सीमित नहीं होती, बल्कि मैच को खत्म करना, छ्रऋ लेना और टीम को सही दिशा देना भी उसकी जिम्मेदारी है। बता दें कि कप्तान बनने के बाद उनका बैटिंग औसत पहले से बेहतर हुआ। उन्होंने दो शतक तथा सात अर्धशतक लगाए।

### खराब कप्तानी के कारण हटाए गए मसूद

शान मसूद की कप्तानी में पाकिस्तान लगातार अपने पिछले सात टेस्ट मैच भी हार चुका है।

जो टीम के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे लंबी हार की श्रृंखला है। करीब 3 साल पहले टेस्ट कप्तान बनाए गए शान मसूद ने 16 मैचों में कप्तानी की, जिसमें से टीम को 12 हार का सामना करना पड़ा। टेस्ट इतिहास में कोई भी कप्तान अपने शुरुआती 16 टेस्ट में 12 मैच नहीं हारा है।

### बाबर आजम दूसरी बार कप्तानी करेंगे

बाबर आजम दूसरी बार पाकिस्तान की टेस्ट टीम की कप्तानी संभालेंगे। इससे पहले उनके नेतृत्व में पाकिस्तान ने 20 टेस्ट में 10 जीत दर्ज की थीं। उनकी कप्तानी में टीम ने दक्षिण अफ्रीका को घरेलू सीरीज में 2-0 से हराया था, जबकि बांग्लादेश और श्रीलंका में भी टेस्ट सीरीज जीती थी। हालांकि उनके कार्यकाल में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 3-0 की ऐतिहासिक हार भी मिली थी।

## ब्राजील फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर

# नेमार ने रिटायरमेंट लिया



5 बार का चैंपियन ब्राजील फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर हो गया। नॉर्वे ने सोमवार को प्री क्वार्टर फाइनल में ब्राजील को 2-1 से हराया। नॉर्वे पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है। अब उसका मुकाबला इंग्लैंड से होगा। इंग्लिश टीम ने मेजबान मैक्सिको को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार ने इस हार के बाद संन्यास ले लिया। उन्होंने अमेरिका के न्यू जर्सी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में ब्राजील की ओर से एकमात्र गोल किया। नॉर्वे की ओर से दोनों गोल एरलिंग हालैंड ने दागे।

### पेनल्टी पर गोल नहीं कर सका ब्राजील

ब्राजील के पास पहले हाफ में 15वें मिनट के करीब बढ़त लेने का मौका मिला। वीडियो असिस्ट रीव्यू यानी ङ्कक्रके बाद टीम को पेनल्टी मिली, लेकिन ब्रूनो गुइमारेस का शॉट नॉर्वे के गोलकीपर ऑर्जन नीलैंड ने डाइव लगाकर रोक दिया। नीलैंड ने गेब्रियल मार्टिनेली और विनीसियस जूनियर की कोशिशें नाकाम कीं और पहले हाफ में स्कोर 0-0 बनाए रखा।

### हालैंड ने 72वें मिनट में पहला गोल किया

दूसरे हाफ में ब्राजील के युवा स्ट्राइकर एंड्रिक ने आसान मौका गंवाया। इसके बाद नॉर्वे ने जवाबी हमला बोला। 72वें मिनट में एंड्रियास शेल्डरप ने बाएं छोर से बेहतरीन क्रॉस दिया, जिस पर हालैंड ने जोरदार हेडर लगाकर नॉर्वे को 1-0 की बढ़त दिलाई। इंजरी टाइम से ठीक पहले हालैंड ने दूसरा गोल करते हुए डिफेंडर डेनिलो के पैरों के बीच से गेंद निकालकर गोल दागा और स्कोर 2-0 कर दिया। यह इस टूर्नामेंट में उनका छठा और सातवां गोल रहा। इसके साथ ही वह गोल्डन बूट की दौड़ में लियोनेल मेसी और किलियन एमबाप्पे की बराबरी पर पहुंच गए।



## पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा, इंग्लैंड भी जीता

**34 साल नेमार ने कहा, मैंने पूरी कोशिश की। मेरा सफर यहीं से शुरू हुआ था और अब यहीं खत्म हो गया। ब्राजील के लिए मेरा अध्याय अब खत्म हो चुका है। उन्होंने 2010 में इसी मैदान (तत्कालीन मेटलाइफ स्टेडियम) पर अमेरिका के खिलाफ ब्राजील के लिए डेब्यू किया था।**

### नेमार ने एक गोल किए

इंजरी टाइम के 10वें मिनट में नेमार ने पेनल्टी पर गोल कर स्कोर 2-1 जरूर किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। यह गोल सिर्फ हार का अंतर कम कर सका। ब्राजील 1990 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप से इतने शुरुआती चरण में बाहर हुआ।

### नेमार का इंटरनेशनल करियर खत्म

लगातार चोटों से जूझ रहे नेमार इस वर्ल्ड कप में सिर्फ दो मैच खेल सके। नॉर्वे के खिलाफ वे दूसरे हाफ में उतरे और पेनल्टी पर गोल किया। ब्राजील के कप्तान मार्किन्योस ने कहा, अब नई पीढ़ी के खिलाड़ियों का समय है। हमें उम्मीद है कि ब्राजील के फैंस उन्हें धैर्य और पूरा समर्थन देंगे।

### 4 वर्ल्ड कप में गोल करने की पेले की बराबरी की

नेमार ने 130 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। ब्राजील के लिए उनसे ज्यादा मैच सिर्फ काफू (142) ने खेले। अपने अंतिम मैच में गोल कर नेमार ने दिग्गज पेले के एक रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है। दोनों खिलाड़ियों ने 4-4 फीफा वर्ल्ड कप में गोल किए हैं। नेमार अंतरराष्ट्रीय गोल करने के मामले में पेले से तीन गोल आगे हैं। पेले के नाम 77 गोल हैं। जबकि नेमान के नाम 80 गोल हैं।

## World Cup में Harry Kane ने रचा इतिहास, 1966 के बाद ऐसा करने वाले पहले फुटबॉलर बने



हैरी केन ने इंग्लैंड की मेक्सिको पर 3-2 की रोमांचक जीत में एक अनोखा फीफा विश्व कप रिकॉर्ड बनाया। वह 1966 के बाद पहले खिलाड़ी बन गए जिन्होंने एक ही मैच में पेनल्टी स्कोर की और पेनल्टी दी।

### केन ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड

इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने मेक्सिको के खिलाफ विश्व कप मैच में इतिहास रच दिया। वह 1966 के बाद पहले ऐसे खिलाड़ी बने जिन्होंने एक ही विश्व कप मैच में पेनल्टी पर गोल भी किया और पेनल्टी का शिकार भी बने। केन ने मैच के 58वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके इंग्लैंड को 2-1 की बढ़त दिलाई। यह टूर्नामेंट में उनका छठा गोल था, जिससे वह गर्ड मूलर के रिकॉर्ड की बराबरी पर आ गए।


### मेक्सिको की वापसी और इंग्लैंड की जीत

हालांकि, मैच के अंतिम क्षणों में मेक्सिको को एक पेनल्टी मिली, जिसे उन्होंने गोल में तब्दील कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। लेकिन इंग्लैंड ने हार नहीं मानी और अंतिम क्षणों में एक और गोल करके मैच 3-2 से जीत लिया। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

### अन्य रिकॉर्ड्स और प्रदर्शन

यह मैच कई मायनों में यादगार रहा। हैरी केन के इस अनोखे रिकॉर्ड के अलावा, यह मैच टूर्नामेंट के रोमांचक मैचों में से एक रहा। दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में इंग्लैंड बाजी मारने में सफल रहा। केन का प्रदर्शन टूर्नामेंट में लगातार शानदार रहा है और वह इंग्लैंड के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हुए हैं।





# बुमराह ने रेड बॉल से प्रैक्टिस शुरू की

## इंस्टा पर शेयर की तस्वीरें; इंग्लैंड वनडे और श्रीलंका टेस्ट सीरीज पर नजर

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने रेड बॉल क्रिकेट की तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को उन्होंने अहमदाबाद में लाल एसजी बॉल से गेंदबाजी करते हुए तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। बुमराह आईपीएल से ब्रेक के बाद गुजरात डोमेस्टिक टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से आराम दिया गया है। वे इंग्लैंड के खिलाफ 14 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से इंटरनेशनल में वापसी कर रहे हैं।

### 968 दिन बाद खेलेंगे वनडे

बुमराह ने आखिरी वनडे 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड कप फाइनल में खेला था। इंग्लैंड सीरीज के साथ वह 968 दिन बाद वनडे क्रिकेट में वापसी करेंगे। इसके अलावा उन्हें एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है। वे अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में भी नहीं खेले थे।

### बुमराह आईपीएल 2026 में फ्लॉप रहे

बुमराह ने मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए आईपीएल 2026 में 13 मैचों में सिर्फ 4 विकेट लिए। उनका औसत 102.50, इकोनॉमी 8.36 और बेस्ट प्रदर्शन 15 रन देकर 1 विकेट रहा।

### टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लिए

बुमराह ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 8 पारियों में 14 विकेट लेकर टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर बने। उन्होंने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 15 रन देकर 4 विकेट लिए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### श्रीलंका टेस्ट सीरीज पर भी नजर

इंग्लैंड वनडे सीरीज के बाद भारत 15 से 27 अगस्त तक श्रीलंका में दो टेस्ट मैच खेलेगा। पहला टेस्ट गॉल और दूसरा कोलंबो में होगा। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में भारत के लिए बुमराह की वापसी बेहद अहम है।

# ऑस्ट्रेलिया विमेंस टी-20 वर्ल्डकप चैंपियन

ऑस्ट्रेलिया ने सातवीं बार विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। लॉर्ड्स में खेले गए फाइनल में टीम ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने 151 रन का लक्ष्य 17 बॉल रहते 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

बेथ मूनी ने 49 गेंदों पर 64 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। इसमें 10 चौके शामिल रहे। फीबी लिचफील्ड ने 35 गेंदों पर 48 रन बनाए। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। अंत में एलिस पेरी (13)* और एश्ले गार्डनर (3)* ने टीम को जीत दिलाई। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल, चार्ली डीन और सोफी एक्लस्टन ने 1-1 विकेट लिए। इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग कर रही इंग्लैंड ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 150 रन बनाए। कप्तान नैट सिवर-ब्रंट ने नाबाद 58 रन और फ्रेया कैम्प ने नाबाद 44 रन की पारी खेली। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया की ओर से लूसी हैमिल्टन, एनाबेल सदरलैंड, सोफी मोलिन्यू और किम गार्थ ने 1-1 विकेट लिया।

### मोलिन्यू को मिली ट्रॉफी, जश्न में डूबा ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिन्यू ने आईसीसी चेयरमैन जय शाह से महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की ट्रॉफी ली। ट्रॉफी मिलते ही उनकी आंखों में खुशी के आंसू थे और पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम जश्न में डूब गई।



# प्रवासी डालमिया ने विकास कार्यों का किया अवलोकन



विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** विभिन्न क्षेत्र में पानी और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले संस्थान रामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान द्वारा किए गए विकास कार्यों का सोमवार को प्रवासी उद्योगपति रघुहरि डालमिया ने ढाणी इस्माइलपुर व लाम्बा गोठड़ा गांव में हुए विकास कार्यों का अवलोकन किया। डालमिया ने ढाणी इस्माइलपुर गांव में संस्थान द्वारा 13 बीघा भूमि पर किए गए एक लीटर पानी वाली तकनीक से पौधारोपण वाली साइट पर रोपित पौधों का निरीक्षण किया। उन्होंने पौधों की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों द्वारा 70 हजार रुपए का चंदा एकत्रित कर की हुई तारबंदी के लिए ग्रामीणों की सराहना की और सबसे आह्वान किया कि अपने-अपने गांव को एक आदर्श गांव बनाने के लिए सभी को विकास कार्यों के लिए आगे आना चाहिए। इसके बाद गांव लाम्बा गोठड़ा में प्रगतिशील किसान मास्टर हीरालाल, किसान विधानचंद्र के यहां मौसमी, नींबू, किन्नू एवं आंवले की बगीचे के अवलोकन के साथ-साथ किसान मनोज के यहां बने फार्म पोंड को भी देखा। लाम्बा गोठड़ा में ग्राम विकास समिति के सदस्यों व अन्य ग्रामीणों ने डालमिया का साफा, शॉल, माला पहनाकर और स्मृति स्वरूप एक बील का फल भेंट कर स्वागत किया।

# संघ के थिंक टैंक नेता डॉ इन्द्रेश कुमार और डॉ जुल्फिकार का शोध पत्र अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के थिंक टैंक और वरिष्ठ राष्ट्रीय नेता डॉ इन्द्रेश कुमार एवं स्वामी विवेकानंद पर पीएचडी करने वाले तथा उनके विचारों को देश-विदेश में फैलाने वाले झुंझुनू जिले के भीमसर गांव के युवा लेखक व चिंतक डॉ जुल्फिकार का संयुक्त शोध पत्र इंटरनेशनल मल्टीफोकल रिसर्च जर्नल में प्रकाशित हुआ है। यह अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्र एक कर्मयोगी की राजस्थान यात्रा विषय पर प्रकाशित किया गया है। जो स्वामी विवेकानंद के राजस्थान में बिताए 316 दिन की घटनाओं पर केंद्रित है। इस शोध पत्र में स्वामी विवेकानंद का राजस्थान के 6 जिलों से आत्मीय लगाव अलवर, जयपुर, किशनगढ़-अजमेर, माउंट आबू, खेतड़ी और जोधपुर की यात्राएं एवं प्रवास के दौरान आम जनता, विद्वानों, चिन्तकों, संन्यासियों और राजा-महाराजाओं से विवेकानंद की मुलाकातों और उनके उपदेशों-व्याख्यानों का गहन अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। शोधकर्ताओं का मानना है कि यह शोध पत्र भविष्य में स्वामी विवेकानंद और राजस्थान के संबंधों पर काम करने वाले शोधार्थियों के लिए मार्गदर्शक साबित होगा साथ ही वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को भी आगे बढ़ाएगा। शोधकर्ता डॉ जुल्फिकार इस क्षेत्र में लम्बे समय से शोधरत है और विवेकानंद पर कई किताबें भी लिख चुके हैं। विदित रहे आरएसएस के एक थिंक टैंक और वरिष्ठ राष्ट्रीय नेता डॉ इन्द्रेश कुमार और मुस्लिम युवा डॉ जुल्फिकार का इस विषय पर देश का पहला संयुक्त शोध पत्र इंटरनेशनल जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इस अवसर पर विभाग संघचालक अशोक सिंह शेखावत सहित कई पदाधिकारियों ने खुशी जताई।

### प्रधानमंत्री मोदी और डॉ इन्द्रेश कुमार का पुराना रिश्ता

**यह प्रकाशन एक और वजह से भी उल्लेखनीय है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और डॉ इन्द्रेश कुमार का रिश्ता वर्षों पुराना है। 1975 में आपातकाल के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित प्रैक्टिस क्लास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और डॉ इन्द्रेश कुमार एक साथ प्रशिक्षण ले चुके हैं। इसी कार्यक्रम के बाद नरेंद्र मोदी को गुजरात की जिम्मेदारी सौंपी गई थी और डॉ इन्द्रेश कुमार को कश्मीर से लेकर दिल्ली तक का दायित्व सौंपा गया था। आज दोनों ही राष्ट्रीय राजनीति में अहम भूमिका निभा रहे हैं।**

# छह माह में 4.65 प्रतिशत घटे गंभीर अपराध, ड्रग माफिया की संपत्तियां होंगी कुर्क : डीजीपी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने सोमवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में पिछले छह माह का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए बताया कि प्रदेश में गंभीर अपराधों में 4.65 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। हत्याए हत्या के प्रयास, डकैती, लूट, अपहरण, दुष्कर्म, पॉक्सो और एससी-एसटी एक्ट के मामलों में गिरावट आई है। वहीं पुलिस की सक्रिय कार्रवाई के चलते आबकारी, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के मामलों में वृद्धि दर्ज हुई है। उन्होंने बताया कि पेपर लीक माफिया पर प्रभावी कार्रवाई के बाद 117 भर्ती परीक्षाएं निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराई गईं। डीजीपी ने बताया कि संपत्ति संबंधी अपराधों में बरामदगी का प्रतिशत बढ़ा है तथा महिला सुरक्षा मामलों में अनुसंधान अवधि घटाकर पॉक्सो मामलों में 78.2 दिन से 51.2 दिन और दुष्कर्म मामलों में 81 दिन से 52 दिन कर दी गई है।



साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सभी 41 पुलिस जिलों में साइबर थाने स्थापित किए गए हैं। अब तक 1.84 लाख गुम मोबाइल ट्रेस किए जा चुके हैं, जिनमें से 61,346 मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए गए हैं। डिजिटल अरेस्ट के 136 मामलों में 174 आरोपियों को गिरफ्तार कर 52.23 करोड़ रुपये से अधिक की राशि होल्ड की गई है। नशे के खिलाफ अभियान के तहत बड़े ड्रग सिंडिकेट्स पर कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट में 7.195 मामले दर्ज किए गए तथा मादक पदार्थ तस्करों की करोड़ों रुपये की अवैध संपत्तियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। डीजीपी ने कहा कि भविष्य में सीआईडी सीबी और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के जरिए बड़े ड्रग माफिया और गैंगस्टर्स की अपराध से अर्जित संपत्तियां कुर्क की जाएंगी। साथ ही रंगदारी, संगठित अपराध और विदेशों में छिपे अपराधियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

उन्होंने बताया कि तकनीकी संवर्ग में 403 पदों के कैडर पुनर्गठन से पुलिसकर्मियों के पदोन्नति के अवसर बढ़ेंगे। प्रेस वार्ता में डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप ने छह माह की उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान डीजी प्रशिक्षण अनिल पालीवाल सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# नई चुनौतियों के लिए तैयार होंगे 55 नए आरपीएस अधिकारी : डीजीपी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस अकादमी में सोमवार को राजस्थान पुलिस सेवा आरपीएस के 59वें बेसिक प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ हुआ। 55 नवनियुक्त आरपीएस अधिकारियों के लिए 45 सप्ताह का आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों से नई चुनौतियों के अनुरूप जनोन्मुख और तकनीक आधारित पुलिसिंग अपनाकर आमजन का विश्वास जीतने का आह्वान किया। डीजीपी ने कहा कि पुलिस वर्दी केवल अधिकार नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, निष्पक्षता, ईमानदारी, अनुशासन और जवाबदेही का प्रतीक है।

उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से शारीरिक दक्षता, नेतृत्व क्षमता, नैतिक मूल्यों, मानवाधिकारों के सम्मान और टीम भावना विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो बीपीआरडी के मॉडल सिलेबस पर आधारित होगा। महानिदेशक प्रशिक्षण अनिल पालीवाल ने अधिकारियों से अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ प्रशिक्षण लेकर उत्कृष्ट पुलिस अधिकारी बनने का आह्वान किया। वहीं, राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक संजीब कुमार नार्जारी ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य सक्षम, अनुशासित और जनोन्मुख पुलिस अधिकारी तैयार करना है। अतिरिक्त निदेशक शंकरदत्त शर्मा ने वर्दी के सम्मान और जनसेवा के प्रति समर्पण का संदेश दिया। समारोह में एडीजी प्रशिक्षण राघवेन्द्र सुहासा, इंटेलीजेंस ट्रेनिंग अकादमी के निदेशक प्रदीप मोहन शर्मा सहित अकादमी के प्रशिक्षक उपस्थित रहे।



# प्रयोगशाला सहायक भर्ती-2018 में ओएमआर शीट में फर्जीवाड़ा करने वाला अभ्यर्थी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप एसओजी ने प्रयोगशाला सहायक सीधी भर्ती परीक्षा-2018 की ओएमआर शीट में फर्जीवाड़ा कर अनुचित तरीके से चयन पाने वाले एक अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपित वर्तमान में उदयपुर जिले के झाड़ोल स्थित केंद्रीय एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल में लिपिक एलडीसी के पद पर प्रोबेशन पर कार्यरत था। फिलहाल एसओजी की टीम आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि एसओजी ने प्रयोगशाला सहायक सीधी भर्ती परीक्षा-2018 की ओएमआर शीट में फर्जीवाड़ा कर अनुचित तरीके से चयन पाने वाले एक अभ्यर्थी पिंटू कुमार मीना 27 निवासी महवा जिला दौसा को गिरफ्तार किया है। एडीजी एसओजी ने बताया कि इस संबंध में एसओजी थाने में दर्ज प्रकरण की जांच के दौरान सामने आया कि ओएमआर शीट स्कैनिंग करने वाली एजेंसी राभव लिमिटेड के कार्मिकों ने मिलीभगत कर 27 अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट में हेरफेर कर उन्हें अंतिम रूप से चयनित कराया था। इसके साथ ही जांच में सामने आया कि आरोपी पिंटू कुमार मीना के वास्तविक अंक 105 थे, लेकिन स्कैनिंग के दौरान धोखाधड़ी कर उन्हें 158 अंक दर्शा दिया गया। बाद में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा दोबारा स्क्रीनिंग कराने पर फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। एसओजी इस मामले में पहले ही राभव लिमिटेड के कार्मिक विनोद कुमार गौड़, शादान खान तथा कंपनी के कार्यकारी निदेशक रामप्रवेश सिंह को गिरफ्तार कर चुकी है।

अब गिरफ्तार आरोपी पिन्टू कुमार मीना से पूरे नेटवर्क और अन्य संदिग्धों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। यह कार्रवाई महानिरीक्षक अजयपाल लाम्बा, उपमहानिरीक्षक भुवन भूषण यादव के सुपरविजन तथा पुलिस अधीक्षक कुन्दन कंवरिया के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत अनुसंधान अधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक यशवंत सिंह की टीम ने की।

# हवन की पूर्णाहुति के साथ वार्षिक समारोह का समापन

विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर की चिड़ावा कॉलेज रोड के समीप सनातन आश्रम स्थित श्रीपीठ महालक्ष्मी धाम के वार्षिक महोत्सव के तहत सोमवार को हवन हुआ। धाम के अधिष्ठाता पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी के सानिध्य में पंडित बालकृष्ण चौरासिया और अन्य विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दिलाई। इस दौरान विश्व कल्याण और शांति की कामना की गई। हवन में यजमान राजन सहल ने सपत्निक आहुतियां दी।

इस दौरान वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी ने श्रीशुक्त पाठ किया और माता महालक्ष्मी महिमा का बखान करते हुए कहा कि सच्चे मन से निस्वार्थ भाव से की गई श्री और हरि की आराधना से जीवन में ना केवल खुशहाली आती है, बल्कि भगवान नारायण के साथ ही लक्ष्मी कृपा दृष्टि भी ऐसे मनुष्य के जीवन पर हमेशा रहती है। इस दौरान



सत्यनारायण चौधरी, सत्यनारायण शर्मा, मातादीन शर्मा, रतिराम राजोतिया, गिरधर गोपाल महमिया, राजीव-संजय व्यास, कमलकांत पुजारी, महेंद्र जांगिड़, यादव प्रसाद, वेदांत तिवाड़ी, परमहंस पंडित गणेश नारायण साधना स्थली महंत विनोद चौरासिया, विवेक तिवाड़ी, कार्तिकेय, पार्थ, पवन शर्मा, प्रमोद शर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूर्णाहुति के बाद यज्ञ भगवान की आरती हुई। इसके बाद भगवान को प्रसाद का भोग लगाकर सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

# सहकारिता मंत्रालय के पाँच वर्ष पूर्ण होने पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के स्थापना के पाँच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में झुंझुनू जिले के उदयपुरवाटी ब्लॉक में संचालित वीर तेजाजी फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में झुंझुनू स्थित पीआरओ कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना तथा सहकारिता के माध्यम से सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जन संपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, वीर तेजाजी एफपीओ के सचिव रविन्द्र कुमार, संदीप केडिया, गुंजन शेखावत, विमलेश शर्मा, पीआरओ कार्यालय से राकेश शर्मा, अजय कुमार, गोविंद सिंह एवं रामचंद्र सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अधिक से अधिक पौधरोपण कर उनकी नियमित देखभाल करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। सहकारिता की भावना के साथ ऐसे सामाजिक कार्य समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। वीर तेजाजी एफपीओ के सचिव रविन्द्र कुमार ने बताया कि एफपीओ किसानों की आर्थिक उन्नति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों में भी सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रहा है। भविष्य में भी संगठन द्वारा जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण के ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

# पेयजल सुविधा का हुआ लोकार्पण



**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धोलासरी में विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार की सुविधा के लिए पेयजल सुविधा का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। स्वर्गीय प्रवीण कुमार जाटोलिया की धर्मपत्नी वंदना देवी द्वारा विद्यालय को वाटर कूलर भेंट किया गया, जिससे विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इस जनहितकारी पहल का लोकार्पण क्षेत्र के विधायक वीरेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने वंदना देवी के इस प्रेरणादायी एवं समाजहितैषी योगदान की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय में पेयजल सुविधा उपलब्ध होने से विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा और यह अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। विद्यालय परिवार ने वंदना देवी एवं उनके परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सुखद, स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान भंवर लाल, सेवानिवृत्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नानूराम, गणमान्य ग्रामीणजन एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।


## आम सूचना

मैं रणसिंह पुत्र रिछपाल जाति जाट निवासी गढ़ला कलां तहसील गुढ़ागौड़जी जिला झुंझुनूं (राज.)। मेरे पुत्र पवन कुमार के नाम से एक मोटरसाईकिल नम्बर RJ 18 CS 3330 चैचिस नम्बर MBL-HAR070J4K18340 इंजन नम्बर HA10AGJ4K40406 मॉडल 2018 है। यह कि मेरे पुत्र पवन कुमार का स्वर्गवास दिनांक 03 जून 2025 को हो चुका है। अब उक्त वाहन को मैं मेरे नाम करवाना चाहता हूं अगर किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में परिवहन कार्यालय झुंझुनू में दर्ज करवा सकता है।

## आम सूचना

मैं बूटी राम पुत्र हरि राम जाति जाट निवासी ग्राम गढ़ला कलॉ तहसील गुढ़ागौड़जी जिला झुंझुनू (राज.) । मेरे पुत्र लोकेश कुमार के नाम से एक मोटरसाईकिल (HERO SPLENDOR + (SELF-DRUM-CAST) जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर RJ 18 GS 5132 चैचिस नम्बर MBLHAW095K4M11150 इंजन नम्बर HA10AGK4M25783 मॉडल 2019 है। यह कि मेरे पुत्र लोकेश कुमार का स्वर्गवास दिनांक 05-03-2025 को हो चुका है। अब उक्त वाहन को मैं मेरे नाम करवाना चाहता हूं अगर किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में परिवहन कार्यालय झुंझुनू में दर्ज करवा सकता है।

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल फूसराज सुखलेचा पुत्र रेवन्तमल सुखलेचा जाति सुखलेचा जैन निवासी वार्ड नं 15, लखारा चौक, नोखा जिला बीकानेर का है। मेरा मुव्वकिल अपनी स्वयं अर्जित चल व अचल सम्पति का एक मात्र स्वामी है। मेरी मुव्वकिल की पुत्री सेजल जैन उम्र 23 वर्ष मेरे मुव्वकिल व मेरे मुव्वकिल के परिवार के साथ अनुचित व्यवहार किये जाने तथा मेरे मुव्वकिल के हितो के प्रतिकूल कार्य करने के कारण मेरा मुव्वकिल आज दिनांक 06-07-2026 को चल एवं अचल सम्पति से बेदखल करता है। अत: उक्त सेजल जैन का मेरे मुव्वकिल की किसी भी सम्पति पर वर्तमान में या भविष्य में कोई अधिकार दावा अथवा हित स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि कोई व्यक्ति सेजल के साथ मेरे मुव्वकिल की सम्पति के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का लेन देन करता है वह स्वयं उसके लिए उतरदायी होगा। ऐसे किसी भी लेन देन के लिए मेरा मुव्वकिल अथवा मेरे मुव्वकिल के उतराधिकारी उतरदायी नही होगें।

**राजाराम भादू, एडवोकेट, मो. 7014819737**


# सकारात्मक सोच से करे मानव सेवा के कार्य : पूसाराम गोदारा

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गुलेरिया गांव के निवासी स्व. कालूराम बिरड़ा की द्वितीय पुण्यतिथि पर जाट छात्रावास में रक्तदान शिविर व वृक्षारोपण का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में श्रीदशनाम जूना अखाड़ा के श्रीमहंत स्वामी कानपुरी महाराज के सानिध्य में रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, बीदासर निर्वतमान प्रधान संतोष मेघवाल, पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरजाराम बिरड़ा ने स्वर्गीय कालूराम बिरड़ा के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच के साथ मानव सेवा के कार्य करने वालों को हमेशा याद किया जाता है। जो लोग राष्ट्र व समाज हित में अपना जीवन जीते हैं, वो लोग सर्व समाज के लिए प्रेरणा बन जाते हैं। स्वामी कानपुरी महाराज ने नर सेवा को ही नारायण सेवा बताते हुए कहा कि आज की युवा शक्ति को शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति, संस्कारों, सेवाकार्य व मातृभूमि से जुड़ा रहना चाहिए। भाजपा नेता संतोष मेघवाल ने कहा कि रक्तदान ही महादान है। कार्यक्रम में निवर्तमान पार्षद मनोज पारीक, बीदासर भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण तिवाड़ी,



नोपाराम बिरड़ा, सरदार सिंह कासनिया, बनवारी लाल कुल्हरी, वैद्य भंवर लाल शर्मा, प्रहलाद जाखड़, पंडित श्रीराम शर्मा, रामनिवास घोटिया, भंवरलाल गुलेरिया, श्यामसुंदर स्वर्णकार, लालचंद जानू, रणजीत भींचर, उदाराम बिरड़ा, रामलाल किलका, डॉ सुधांशु सारण, सहीराम गुलेरिया, ओमप्रकाश बुरड़क, धन्नाराम खेरिया, बीरबल बिरड़ा, सुकेश कड़वा, दिनेश जांगिड़, श्यामसुंदर शर्मा, सुरेंद्र प्रजापत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में सैकड़ों युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी भागीदारी निभाई। रक्त संग्रहण स्थानीय लायंस चेरिटेबल ट्रस्ट ब्लड बैंक टीम ने किया। संचालन किशोरदास स्वामी ने किया।

# दो दिवसीय विशेष राइटिंग सेमिनार आयोजित

**तारानगर ( नवयत्न )।** शेखावाटी कोचिंग व हॉस्टल तारानगर परिसर में छात्रों के लेखन कौशल को निखारने के लिए दो दिवसीय विशेष राइटिंग सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की लिखावट में सुधार करना और आगामी बोर्ड व प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रभावी ढंग से उत्तर लिखने की कला सिखाना था। सेमीनार के मुख्य वक्ता और विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुंदर और स्पष्ट लिखावट न केवल आपके व्यक्तित्व को दर्शाती है बल्कि परीक्षाओं में बेहतर अंक प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को अक्षरों की बनावट सुधारने, लिखने की गति बढ़ाने और समय प्रबंधन के जादुई टिप्स दिए गए। शेखावाटी कोचिंग व हॉस्टल तारानगर चूरू के संचालक मुकेश पूनिया, मनवीर पूनिया, लक्ष्य चौधरी, मुकेश जांगिड़ ने बताया कि शेखावाटी हॉस्टल हमेशा से ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। आज के डिजिटल युग में भी हाथ से लिखने का अपना एक अलग महत्व है, जिसे ध्यान में रखते हुए इस सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में दिनेश पूनिया, सुनील गोदारा, सुनील धेतरवाल और राकेश गोदारा उपस्थित थे।




## जिला प्रबंधक, राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, सीकर

क्रमांक :- जि.प्र.,राज.संवाद/निविदा/2026-27/14 दिनांक :- 01/07/2026

### खुली बोली आमंत्रण सूचना - 01/2026-27

सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, सीकर में कार्य आधार पर एक कम्प्यूटर ऑपरेटर, सहायक कर्मचारी एवं सफाई कर्मी दर अनुबंध पर सेवा उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिष्ट पंजीकृत संवेदक/संवेदक जो कि राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948, वस्तु एवं सेवाकर (GST), आय कर (पैन नम्बर) एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत हो, से निम्नलिखित प्रकार से खुली बोली (बिड) आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | विवरण | अनुमानित लागत (रूपये) | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये) | बोली प्रपत्र शुल्क राशि (रूपये) | बोली प्रपत्र जमा करवाने की अन्तिम तिथि व समय | बोली खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.<br>2.<br>3. | कम्प्यूटर ऑपरेटर<br>सहायक कर्मचारी<br>सफाई कर्मी (अंशकालीन) | 3.98 लाख | 7960/- | 200/- | 08.07.2026 1.00 PM | 08.07.2026 4.00 PM |

1. खुली बोली आमंत्रण सूचना, विस्तृत आमंत्रण सूचना मय बोली दस्तावेज विभागीय वेबसाईट राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** पर एवं इस कार्यालय में भी देखी जा सकती है।
2. बोली प्रतिभूति राशि एवं बोली प्रपत्र शुल्क राषि का डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक **"जिला प्रबंधक, राजस्थान संवाद, सीकर"** के नाम/पक्ष में बनाना होगा।
3. बोली दिनांक 08.07.2026 को सांय 4.00 बजे सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, सीकर में उपस्थित संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी।
4. किसी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित हैं।

NIB Code : IPR2627A0008, UBN : IPR2627SSRC00007

राज.संवाद/सी/26/6280

जिला प्रबंधक, राजस्थान संवाद, सीकर

# मुखर्जी को दी भाजपा प्रदेश मंत्री के नेतृत्व में श्रद्धांजलि

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती स्थानीय भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश मंत्री अजीत मॉँडण के मुख्य आतिथ्य, मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व खनिज राज्य मंत्री खेमाराम मेघवाल, भाजपा नेता संतोष मेघवाल, एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, जिला मंत्री पवन महेश्वरी, विधानसभा प्रभारी महावीर सेन, मंडल प्रभारी अरुण तिवाड़ी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में सभी ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रदेश मंत्री अजीत मांडण ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का त्याग, राष्ट्रभक्ति और अखंड भारत के लिए उनका संघर्ष हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे. . यह उनका अमर संकल्प आज भी हर राष्ट्रभक्त के हृदय में ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि राष्ट्र प्रथम, संगठन द्वितीय व व्यक्ति अंतिम भारतीय जनता पार्टी का सर्वोपरि और मूल वैचारिक मंत्र है। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता एड मनीष दाधीच, वरिष्ठ नेता गणेश मंडावरिया, खुशीराम चांदरा, विजय चौहान, मण्डल महामंत्री प्रकाश भार्गव, मण्डल उपाध्यक्ष अमरचंद सेन, सुमन सामरिया, गोपाल पारीक, मण्डल मंत्री प्रियांशु लड़ा, मुरारी खंडेलवाल, निवर्तमान पार्षद रेवंतमल पंवार, मनोज पारीक, पुरुषोत्तम शर्मा, प्रेम स्वामी, नरेंद्र प्रजापत, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, रूपाराम गुलेरिया, बालकृष्ण व्यास, राकेश जांगिड़, विश्वदीपक काछवाल, नरेंद्र गुर्जर, गौतम बागड़ा, प्रदेश कुमार वाल्मीकि, मुकेश सांखला, भूराराम जांगिड़, भरत सामरिया, दीपक बागड़ा, मनीष बिजारणियां, ललित गुर्जर, मयंक भाटी, रघुवीर सिंह राठौड़, हितेश सैन, सुरेश कुमार, अमित शर्मा, पुसादास स्वामी, पवन प्रजापत सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री गौरव इंदौरिया ने किया। इसी प्रकार नया बास में भी भाजपा प्रदेश मंत्री अजीत मांडन का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विजय चैहान के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में पार्टी संगठन की मजबूती, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मांडन ने कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान जिला मंत्री पवन माहेश्वरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष वैद्य भंवरलाल शर्मा, पूर्व वाइस चैयरमैन गणेश मंडावरिया, नरेंद्र प्रजापत, नरेंद्र गुर्जर, प्रेम स्वामी, पुसादास स्वामी, पूर्व जिलामंत्री सुमन सामरिया, रेवंत पंवार, भाजयुमो जिला प्रवक्ता विश्व दीपक काछवाल, मनीष बिजारणियां, एडवोकेट राकेश जांगिड़, कृष्ण गोपाल कुमावत, गौतम बागडा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** विद्याधर नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस जानकारी में सामने आया कि आरोपी घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और मॉल्स के बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों की पहले रेकी करता था और मौका मिलते ही उन्हें चुरा लेता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि विद्याधर नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर संजय सिंह तंवर 22 निवासी झोटवाड़ा तथा कालवाड़ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। उससे अन्य वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है, जिससे और खुलासे होने की संभावना है। इस कार्रवाई में एएसआई हनुमान सहाय, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, महेश कुमार, हर सहाय तथा कांस्टेबल महेश कुमार और महिपाल की सराहनीय भूमिका रही।

## फेयरवेल में झूमे छात्र-छात्राएं, रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मानसरोवर स्थित पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज में यूजी एवं पीजी के विद्यार्थियों के लिए भव्य फेयरवेल समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मनोरंजक खेलों, रैंप वॉक और डीजे नाइट ने समां बांध दिया। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और डीजे की धुन पर जमकर थिरके। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने कॉलेज जीवन से जुड़ी यादगार स्मृतियां साझा की। थीम आधारित रैंप वॉक में प्रतिभागियों के आत्मविश्वास और प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित करते हुए आकर्षक टाइटल प्रदान किए गए। कॉलेज के चेयरमैन डॉ आनंद पोद्दार ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए जीवन में निरंतर सीखते रहने और सफलता के नए आयाम स्थापित करने का संदेश दिया। वहीं को-चेयरपर्सन रूपल पोद्दार ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विजेताओं को विभिन्न अवार्ड एवं टाइटल प्रदान किए। समारोह उत्साह, उमंग और भावुक विदाई के माहौल के बीच संपन्न हुआ।

## नर्सिंग काउंसिल में भ्रष्टाचार के आरोप : एसोसिएशन ने गवर्निंग बॉडी को सौंपा ज्ञापन

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत ने राजस्थान नर्सिंग काउंसिल की गवर्निंग बॉडी की बैठक से पहले अध्यक्ष डॉ रवि प्रकाश शर्मा सहित सभी 12 सदस्यों को ज्ञापन भेजकर नर्सिंग काउंसिल में कथित वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की है। संगठन ने मांगें नहीं माने जाने पर आंदोलन और काउंसिल के घेराव की चेतावनी दी है। एसोसिएशन ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि राजस्थान नर्सिंग काउंसिल में नियमों के विपरीत नियुक्तियां की गई, नियमित एवं अनियमित अधिकारी-कर्मचारियों को मनमाने तरीके से बोनस और विभिन्न कार्यों के लिए भत्तों का भुगतान किया गया। साथ ही 12 मई 2026 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस कार्यक्रम में नर्सों के नाम पर बाहरी लोगों को शामिल कर लाखों रुपये के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया गया है। संगठन ने इन सभी मामलों की प्रभावी जांच कर कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने यह भी कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए उत्कृष्ट सेवाओं के आधार पर चयनित 18 नर्सों को चिकित्सा विभाग स्तर पर दिए जाने वाले राज्य स्तरीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड के प्रमाण-पत्र और शील्ड अब तक जारी नहीं किए गए हैं। इसे नर्सिंग कर्मियों के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैया बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की गई। प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र राणा, कार्यवाहक अध्यक्ष भूदेव धाकड़ और महामंत्री कैलाश शर्मा ने कहा कि यदि राजस्थान नर्सिंग काउंसिल में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर शीघ्र रोक नहीं लगाई गई तो प्रदेशभर के नर्सिंगकर्मी काउंसिल का घेराव कर आंदोलन शुरू करेंगे।

## अकादमिक लेखन और प्रकाशन पर पांच दिवसीय कार्यशाला शुरू

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग की ओर से नेविगेटिंग एकेडमिक राइटिंग एंड पब्लिशिंग : कंटेम्परारी टूल्स एंड रिसोर्सेज विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का सोमवार को शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला 6 से 10 जुलाई तक आयोजित की जाएगी।

उद्घाटन समारोह में कार्यशाला के संयोजक प्रो. नूपुर टंडन, प्रो. विभूति सिंह शेखावत और प्रो. मंजू सिंह ने संसाधन विशेषज्ञों का स्वागत किया। कार्यशाला की समन्वयक डॉ प्रीति भट्ट और डॉ नीरजा सारस्वत ने प्रतिभागियों को कार्यशाला के उद्देश्य, कार्यक्रम और अकादमिक लेखन एवं शोध प्रकाशन में समकालीन संसाधनों के महत्व की जानकारी दी। उद्घाटन सत्र के बाद दो विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए गए। पहले सत्र में प्रो. परख हून ने स्कोपस/वेब ऑफ साइंस में प्रकाशन के लिए नवाचारी रणनीतियां विषय पर शोध पत्रों के गुणवत्तापूर्ण प्रकाशन के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। दूसरे सत्र में प्रो. पंचानन मोहंती ने एकेडमिक राइटिंग के बेसिक्स विषय पर प्रभावी शोध लेखन की मूलभूत अवधारणाओं और तकनीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला में शोधार्थी, शिक्षक और विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

## मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी आयोजित

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** शांति एवं अहिंसा निदेशालय, राजस्थान सरकार तथा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को संस्थान के सभागार में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी : व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। इसमें वक्ताओं ने डॉ मुखर्जी के जीवन, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान और उनके विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। विधायक बालमुकुन्दाचार्य ने उनके जीवन को राष्ट्रसेवा और राष्ट्रीय चेतना का प्रेरक उदाहरण बताते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता बाबूलाल ने डॉ मुखर्जी के जीवन को राष्ट्रभक्ति, त्याग और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया। संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों में राष्ट्रीय मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। शांति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक अजय असवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन महापुरुषों के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम के समन्वयक एवं उपनिदेशक चन्द्रशेखर शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मधु रघुवंशी, प्रो अनिता शर्मा, प्रो पी हेमंता, जेपी शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी में संस्थान के शिक्षक, चिकित्सक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## देश-प्रदेश में एक साथ उठेगी आवाज गौ माता को मिले राष्ट्रमाता का दर्जा

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने, देशभर में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गौ संरक्षण को प्रभावी बनाने की मांग को लेकर चल रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के दूसरे चरण की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। अभियान के तहत 27 जुलाई को देश के सभी जिला मुख्यालयों के साथ जयपुर जिला कलेक्ट्रेट पर भी जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी क्रम में सोमवार को वैशाली नगर स्थित गौ क्रांति मंच के प्रदेश कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक में अभियान की रणनीति, जनसंपर्क, हस्ताक्षर अभियान और ज्ञापन कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए गौ ऋषि प्रकाश दास महाराज ने कहा कि 27 जुलाई को देश और प्रदेश में एक साथ गौ सम्मान की आवाज बुलंद होगी। उन्होंने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, कृषि, पर्यावरण, जैविक खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार हैं। इसलिए केन्द्र सरकार गौ माता को राष्ट्र माता और राजस्थान सरकार राज्य माता का दर्जा प्रदान करे। पूरे देश में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करे। अभियान से जुड़े ताराचंद कोठारी ने बताया कि जयपुर के आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में पिछले एक पखवाड़े से हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु समर्थन दे रहे हैं। आगामी दिनों में शहर के प्रमुख मंदिरों, गौशालाओं और सार्वजनिक स्थलों पर भी जनसमर्थन जुटाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ज्ञापन में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के साथ-साथ देशभर में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, पशु तस्करी पर कठोर कार्रवाई, परित्यक्त एवं निराश्रित गौवंश के संरक्षण के लिए प्रभावी राष्ट्रीय नीतिए प्रत्येक जिले में आधुनिक गौशालाओं की स्थापना, गौ आधारित प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहन तथा गौ संरक्षण संबंधी कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। बैठक में अभियान से अधिकाधिक नागरिकों, संत-महात्माओं, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, गौशाला संचालकों और युवाओं को जोड़ने का निर्णय लिया गया। पदाधिकारियों ने 27 जुलाई को जयपुर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर इस राष्ट्रव्यापी जनअभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

## भाजपाइयों ने डॉ मुखर्जी की जयंती मनाई



विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा (नवयत्न)।** शहर के रेलवे स्टेशन स्थित बूथ नंबर 240 पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक महान राष्ट्रवादी, शिक्षाविद, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती भाजपा के युवा नेता राजेश दहिया के मुख्य आतिथ्य में मनाई। कार्यक्रम के विशिष्ट तिथि पर्यावरण प्रेमी बीरबल सिंह चौहान इस्माइलपुर, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा रहे। कार्यक्रम कीअध्यक्षता बूथ अध्यक्ष मनीष वर्मा ने की। कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई। मुख्य अतिथि दहिया ने डॉ मुखर्जी के जीवन के बारे में बताया तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र हित में कार्य कर उनकी नीतियों को अपनाने के लिए कहा। इसके पश्चात पर्यावरण प्रेमी बीरबल सिंह का साफा, माला एवं दुपट्टा पहनाकर मुख्य अतिथि दहिया एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वारा पर्यावरण के प्रति लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करने पर सम्मान किया गया। अंत में अरडावतिया मोक्ष धाम में पीपल एवं बरगद के पेड़ लगाकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ बीएल वर्मा, शक्ति केंद्र प्रभारी एवं पार्षद मदन डारा, बूथ अध्यक्ष मनीष वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, पवन शर्मा, पूर्व नगर मंत्री रजनीकांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष मुकेश जलिंद्रा, निरंजन स्वामी, लीलाधर, सुभाष शर्मा ओजटू, हवा सिंह बेनीवाल, रणवीर सिंह, श्रीराम परिवार के देवेंद्र वर्मा, राहुल वर्मा, मनोहर सिंह, मोतीलाल वर्मा, अनिल मीणा, छोटू सैनी, शंकर लाल वर्मा, ओम प्रकाश सैनी, मनीष पुजारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फर्जी एफएमजी सर्टिफिकेट मामला : कजाकिस्तान से एमबीबीएस करने वाला एक और फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप एसओजी ने फर्जी एफएमजी फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रकरण में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी कजाकिस्तान से एमबीबीएस करने के बाद भारत में अनिवार्य एफएमजी स्क्रीनिंग परीक्षा पास नहीं कर सका था। इसके बाद उसने 24 लाख रुपये देकर फर्जी सर्टिफिकेट बनवाया और उसी के आधार पर राजस्थान मेडिकल काउंसिल आरएमसी में पंजीकरण कराकर धौलपुर मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप शुरू कर दी। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि एसओजी की टीम ने फर्जी एफएमजी फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रकरण में चरण सिंह 27 निवासी गोपालगढ़ जिला डीग को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एसओजी थाने में दर्ज प्रकरण के तहत धोखाधड़ी, कूटरचना और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं में जांच जारी है। जहां जांच में सामने आया कि विदेश से एमबीबीएस कर लौटे ऐसे अभ्यर्थियों जो एफएमजी स्क्रीनिंग परीक्षा में सफल नहीं हुए। उन्हें मुख्य आरोपित भानाराम माली और उसके सहयोगियों ने फर्जी सर्टिफिकेट उपलब्ध कराए। आरएमसी के कुछ अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत से इनका प्रोविजनल पंजीकरण कराया गया और विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप भी शुरू करवा दी गई। साथ ही जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी चरण ने वर्ष 2017 से 2022 के बीच कजाकिस्तान के अल्माटी विश्वविद्यालय से एमबीबीएस किया था। भारत लौटने के बाद वह कई बार एफएमजी परीक्षा में असफल रहा। जांच में सामने आया कि उसने अपने साथी नफीस खान के माध्यम से 24 लाख रुपये में जाली एफएमजी सर्टिफिकेट बनवाया। नफीस खान ने स्वयं भी फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर इंटर्नशिप और प्रोविजनल पंजीकरण कराया था। एसओजी के अनुसार अब तक इस मामले में 100 से अधिक संदिग्धों की पहचान की जा चुकी है और 29 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें 24 फर्जी डॉक्टर, आरएमसी के तत्कालीन रजिस्ट्रार डॉ. राजेश शर्मा, यूडीसी अखिलेश माथुर, एलडीसी फरहान हसन, मुख्य आरोपी भानाराम माली तथा एक दलाल शामिल हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि फर्जी सर्टिफिकेट और आरएमसी में पंजीकरण कराने के बदले प्रति अभ्यर्थी 20 से 30 लाख रुपये वसूले जाते थे। एसओजी मामले में नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

## तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** मीरा अम्बिका भवन, झुंझुनू में आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर के अंतर्गत प्रात: 5 बजे से 6 बजे तक गुरुकुल के विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया गया। शिविर में योग शिक्षक एवं पतंजलि योग समिति राजस्थान के राज्य प्रभारी पवन कुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा सूर्य नमस्कार का नियमित एवं विधिवत अभ्यास कराया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन एकाग्र तथा जीवन अनुशासित बनता है। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास में भाग लिया। शिविर का उद्देश्य बच्चों में स्वस्थ जीवनशैली, आत्मविश्वास एवं भारतीय योग संस्कृति के प्रति जागरूकता विकसित करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग करने का संकल्प



दिलाया गया तथा आगामी दो दिनों में भी योग के विभिन्न आयामों का अभ्यास कराने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर गुरुकुल के आचार्य विनोद कुमार सैनी भी उपस्थित थे।

# अवैध शराब का बड़ा नेटवर्क उजागर

## फैक्ट्री में आग लगाकर फरार हुए आरोपी

निसं



**दांतारामगढ़ (नवयत्न)।** दांतारामगढ़ क्षेत्र में आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देशी शराब की दो अवैध फैक्ट्रियों का भांडाफोड़ किया हैं। यह कार्रवाई सीकर के दांतारामगढ़ के हीरवास में की गई। खास बात यह है कि भारी मात्रा में अवैध तरीके से देशी शराब बनाई जा रही थी लेकिन स्थानीय दांतारामगढ़ पुलिस को इसकी कोई जानकारी नहीं थी। सीकर और नागौर आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दांतारामगढ़ के हीरवास गांव में देसी शराब की अवैध फैक्ट्रियों पर छापा मारा। आबकारी विभाग के निरोधक दल के ईओ रामसहाय जाट ने बताया कि जब टीम एक जगह अवैध शराब की फैक्ट्री तक पहुंची तो आरोपी फैक्ट्री को ही आग लगाकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि दोनों जगहों से टीम ने देशी शराब तैयार करने के लिए काम में लिए जाने वाला केमिकल से भरे ड्रम बरामद किए हैं। फरार आरोपियों की तलाश जारी है और मामले की जांच की जा रही है। दोनों अवैध फैक्ट्रियों में कब से शराब बनाई जा रही थी और कितनी मात्रा में माल बरामद हुआ है ? आबकारी विभाग जल्द ही इस पूरे मामले का खुलासा करेगा।

### मुर्गी फार्म और मकान में बनाई जा रही थी अवैध शराब

आबकारी विभाग की टीम ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दांतारामगढ़ क्षेत्र के हीरवास गांव के एक मुर्गी फार्म और एक मकान में अवैध रूप से देशी शराब बनाई जा रही है। इनपुट के आधार पर जब टीम वहां पर पहुंची तो दोनों ही जगहों पर बड़ी मात्रा में देशी शराब फैक्ट्री संचालित हो रही थी। इनपुट के आधार पर सबसे पहले मुर्गी फार्म पर छापेमारी की गई। यहां से देशी शराब बनाने के लिए काम में लिए जाने वाले केमिकल, भारी मात्रा में प्लास्टिक के खाली पव्वे, देशी शराब के पव्वे पर लगाने जाने वाला होलोग्राम सहित पैकेजिंग का सामान मिला।

### आरोपियों ने अवैध शराब की फैक्ट्री में लगा दी आग

आबकारी विभाग के निरोधक दल के ईओ रामसहाय जाट ने बताया कि छापेमारी करने के लिए टीम गांव में घुसी तो किसी ने आरोपियों को सूचना दे दी, जिसके बाद आरोपियों ने मकान में चल रही अवैध फैक्ट्री को आग लगा दी और मौके से फरार हो गए। ऐसे में जब आबकारी विभाग की टीम वहां पहुंची तो आग लगी हुई थी। जिसके बाद टीम के सभी सदस्यों ने मिलकर आग को बुझाया।

### लोकल पुलिस को नहीं थी खबर

इस मामले में दांतारामगढ़ पुलिस की भी लापरवाही सामने आई। थाना इलाके में इतनी भारी मात्रा में अवैध शराब तैयार की जा रही थी। धड़ल्ले से शराब तैयार करके सप्लाई हो रही थी, इसके बावजूद पहले कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## यातायात नियम तोड़े तो नहीं मिलेगी राहत

### पुलिस ने 78 हजार वाहन चालकों के काटे चालान

**जयपुर (नवयत्न)।** राज्यभर में 2 से 16 जुलाई तक चलाए जा रहे विशेष यातायात अभियान के तहत राजस्थान पुलिस ने पहले चार दिनों में 78,053 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, तेज रफ्तार, अवैध पार्किंग और लेन अनुशासन का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बरती जा रही है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि 2 से 5 जुलाई के बीच 33,690 बिना हेलमेट दुपहिया चालक, 20,145 ओवर स्पीड वाहन चालक, 12,390 अवैध पार्किंग करने वाले तथा 11,828 राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे पर लेन अनुशासन तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि 5 जुलाई को अकेले 19,427 चालान किए गए। इनमें 8,220 बिना हेलमेट, 5,196 तेज रफ्तार, 3, 199 अवैध पार्किंग और 2,812 लेन अनुशासन का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक शामिल हैं। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देश तथा डीजी यातायात अनिल पालीवाल के पर्यवेक्षण में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, हेलमेट के प्रति जागरूकता बढ़ाना और राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करना है। डॉ. मीणा ने बताया कि अभियान 16 जुलाई तक जारी रहेगा। जिला एवं यातायात पुलिस को प्रवर्तन कार्रवाई के साथ आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने वाहन चालकों से आईएसआई मार्क हेलमेट पहनने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सड़क पर अवैध पार्किंग से बचने तथा राजमार्गों और एक्सप्रेस-वे पर लेन अनुशासन का पालन करने की अपील की।

## गोविंद देवजी मंदिर में श्री कृष्ण कथा शुरू

**जयपुर (नवयत्न)।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में सोमवार को पांच दिवसीय श्रीकृष्ण कथा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में हुई कथा में श्रद्धा और भक्ति का संगम देखने को मिला।

व्यासपीठ से कथावाचक संजय गोस्वामी महाराज ने भगवान श्रीहरि के 24 अवतारों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए उनके अवतरण के उद्देश्य और लोक कल्याणकारी स्वरूप को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि जब-जब संसार में अधर्म, अन्याय और अज्ञान का अंधकार बढ़ा, तब-तब प्रभु ने विभिन्न अवतार धारण कर धर्म की पुन: स्थापना की तथा मानवता को सत्य, सेवा और सदाचार का मार्ग दिखाया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190